
डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः 100 दिन बाद हॉस्पिटल से घर आई प्रियंका...

वर्ष -08 अंक -60 | प्रयागराज, सोमवार 09 मई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने सुखोई लड़ाकू विमान के बेड़े को अपग्रेड करने की योजना को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाला

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीय वायु सेना ने अपनेलड़ाकू विमान के बेड़े को अपग्रेड करने की योजना को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। 20,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 12 सबसे उनन्त वाले विमानों के सौदे में थोड़ी देरी होगी। सरकारी सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआइ को बताया कि आयात पर रक्षा उत्पाद के साथ ही हितधारकों को अब भारतीय को बढ़ावा देने के लिए सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार विमानों में अधिक मेड-इन-इंडिया सामग्री जोड़नी होगी। भारतीय वायु सेना रूस और हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के सहयोग से अपने 85 विमानों को नवीनतम मानकों तक अपग्रेड करने की योजना बना रही थी। सूत्रों ने



कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए योजना को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि योजना 30 विमान को अधिक शक्तिशाली रडार और नवीनतम इलेक्ट्रानिक युद्ध क्षमताओं से लैस करने की थी ताकि इसे नवीनतम मानकों के अनुसार अधिक शक्तिशाली बनाया जा सके्। भारतीय वायु सेना का मुख्य आधार है क्योंकि उनमें से 272 को विभिन्न बैचों में द्वारा आर्डर दिया गया है क्योंकि हर बार सेवा में लड़ाकू जेट की कमी पर जोर डाला गया था। रूसी निर्माताओं को इनमें से 30 से 40 विमानों का आर्डर प्राप्त होगा।रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के कारण लड़ाकू विमान बेड़े के लिए पुर्जों की आपूर्ति में भी देरी हुई है। सूत्रों ने कहा कि भले ही पुर्जो की स्थिति इस समय प्रबंधनीय है और निकट भविष्य में भी ऐसा ही रहने की उम्मीद है क्योंकि भारत ने उरी सर्जिकल स्ट्राइक और चल रहे चीन संघर्ष के बाद उन्हें काफी मात्रा में स्टाक कर लिया था।

## अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**मुंबई ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों समेत कुछ हवाला आपरेटरों के खिलाफ मुंबई में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने इनसे संबंधित करीब एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है। एनआईए के मुताबिक जिन जगहों पर छापेमारी की गई है उनमें नागपाड़ा, गोरेगांव, बोरीवली, सांताक्रूज, मुंब्रा, भिंडी बाजार समेत कई दूसरी जगह भी शामिल हैं। बता दें कि कई हवाला आपरेटर और ड्रग पेडलर दाऊद से जुड़े थे और एनआईए ने इस संबंध में फरवरी में मामला भी रजिस्टर्ड कराया था। बता दें कि दाऊद इब्राहिम भारत की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल है और पाकिस्तान में बैठकर अपना अवैध



कारोबार चला रहा है। पहले कई बार इस तरह की खबरें आई हैं कि पाकिस्तान की सरकार और सेना का उसको पूरा समर्थन प्राप्त है। हालांकि पाकिस्तान की सरकार लगातार इस बात का खंडन करती आई है कि दाऊद इब्राहिम या उसके सहयोगी पाकिस्तान में रहते हैं। हालांकि भारत ने इस बारे में पाकिस्तान सरकार को कई बार सुबूत मुहैया करवाए हैं। भारत द्वारा पाकिस्तान को इस बाबत सौंपे गए डोजियर में दाऊद के पूरे पते का भी जिक्र किया जा चुका है। दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मियांदाद का समधी भी है। गौरतलब है कि पहले भी विभिन्न जांच एजेंसियों ने देशभर में खासतौर पर मुंबई और महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी की है। इस बार की छापेमारी भी जांच एजेंसियों को मिली पुख्ता जानकारी के आधार पर ही की गई है।

## पीएम मोदी ने टैगोर, गोखले और महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** आज देश कई महान लोगों की जयंती मना रहा है। आज रवींद्रनाथ टैगोर, गोखले और महाराणा प्रताप की जयंती है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचार और कार्य लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले और बहादुर मेवाड़ राजा महाराणा प्रताप को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। टैगोर को याद करते हुए मोदी ने कहा, ठमैं गुरुदेव टैगोर को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। विचार और कार्य में, वे लाखों लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने हमें अपने राष्ट्र, संस्कृति पर गर्व करना सिखाया। उन्होंने शिक्षा, सीखने और सामाजिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। हम भारत के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## महाराष्ट्र के बाद अब अयोध्या में भी गरमाएगी सियासत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर और हिंदुत्व के मुद्दे पर शुरू हुई सियासत का रुख अब अयोध्या हो गया है। दरअसल, पांच जून को महाराष्ट्र की राजनीति में लाउडस्पीकर मुद्दे की शुरुआत करने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे अयोध्या आ रहे हैं। वो यहां पर



राम लला के दर्शन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे भी इसके कुछ दिन बाद 10 जून को अयोध्या जाने वाले हैं। इसको देखते हुए महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि यूपी में भी राजनीति जोरों पर हो सकती है। शिव सेना नेता संजय राउत ने बताया है कि आदित्य के अयोध्या जाने के पीछे किसी तरह की कोई राजनीति नहीं है बल्कि हमारी श्रद्धा है। उन्होंने ये भी कहा है कि देशभर के शिव सैनिक इस दिन अयोध्या में एकत्रित होंगे और उद्धव ठाकरे का स्वागत करेंगे। आदित्य ठाकरे के साथ कई शिवसैनिक भी अयोध्या जा रहे हैं। संजय राउत का कहना है कि अयोध्या में आदित्य के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। महाराष्ट्र से यूपी में अयोध्या की राह पकड़ने वाले इन दोनों ही नेताओं का कहना है कि वो राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए ही राम जन्म भूमि जा रहे हैं। अपने इस दौरे की जानकारी देते हुए राज ठाकरे ने भी इसकी पुष्टि की है। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार की वजह से आज उस जगह पर राम मंदिर निर्माण संभव हो सका है। एमएनएस ने इसकी तैयारी भी जोर-शोर से शुरू कर दी है। मुंबई में जगह-जगह समर्थकों के लिए चलो अयोध्या के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा मनसे को ज्वाइन करने की भी अपील लोगों से की जा रही है। ऐसी ही अपील उत्तर प्रदेश में भी की जा रही है।बता दें कि इससे पहले राज ठाकरे ने लाउडस्पीकर विवाद में बाल ठाकरे का एक पुराना वीडियो ट्विटर पर पोस्ट किया था, जिसमें वे लाउडस्पीकर विवाद को उठाते दिखाई दे रहे थे। इसमें वो मस्जिदों पर लाउडस्पीकरों के खिलाफ बोलते दिखाई दे रहे थे। इससे पहले राज ने खुद को हिंदुत्ववादी बताया था। महाराष्ट्र में इस मुद्दे को गरमाने के लिए भीराजठाकरे ने कई बयान दिए। पिछले दिनों उन्होंने पुणे के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि सभी मस्जिदों के मौलवी ये सुनिश्चित करें कि अजान लाउडस्पीकर पर न हो। इसके लिए वो सभी लिखित में अपनी सहमति दें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो फिर आगे जो होगा उसके लिए मनसे जिम्मेदार नहीं होगी।

## मीनाक्षी लेखी ने यूएनजीए अध्यक्ष से यूक्रेन युद्ध और ऊर्जा संकट पर की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद से यूक्रेन-रूस युद्ध तथा इसके कारण पैदा हुए वैश्विक खाद्य व ऊर्जा संकट पर विमर्श किया। दोनों नेताओं ने



अफगानिस्तान के मुद्दे पर भी चर्चा की। चिली के दौरे के बाद न्यूयार्क पहुंचीं लेखी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद से मुलाकात शानदार रही। हमने यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर खाद्य, ऊर्जा, पर्यटन व अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में पैदा हुए संकट तथा अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा की।' वहीं अब्दुल्ला शाहिद ने ट्वीट किया, 'हमने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के एजेंडे में शामिल विभिनन्न मुद्दों पर चर्चा की।' लेखी ने मेट्रोपालिटन म्यूजियम आफ आर्ट का भी दौरा किया और उसके पदाधिकारियों से भारत-अमेरिका कला एवं संग्रहालय सहयोग के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव में सहयोग के लिए संग्रहालय की टीम को धन्यवाद भी दिया। विदेश राज्यमंत्री ने न्यूयार्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास में अभिनेता जुगल हंसराज की बाल पुस्तक 'द काउवर्ड एंड द स्वोर्ड' पर आधारित एक सत्र को भी संबोधित किया। भारत ने यूक्रेन में दिनोंदिन खराब होते हालात को लेकर एक बार फिर गहरी चिंता जताते हुए कूटनीति व संवाद के जरिये इसका समाधान निकालने के अपने रुख को दोहराया। रूस ने शुक्रवार को सुरक्षा परिषद अरिया-सूत्र की बैठक की मेजबानी की, जिसमें यूक्रेन की सेना व मिलिशिया द्वारा कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के गंभीर उल्लंघनों के साथ-साथ उनके द्वारा किए गए अन्य युद्ध अपराधों को लेकर चर्चा की गई। संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा, 'भारत मानता है कि खून बहाकर व निर्दोषों के जीवन की कीमत पर इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। हमने इस युद्ध की शुरुआत से ही इस बात पर जोर दिया है ।

## यूपी के जेवर में पंडाल में विस्फोट उत्तर प्रदेश के सांसद समेत कई भाजपाई बाल-बाल बचे

**नोएडा(जेवर)।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे गौतमबुद्धनगर जिले में रविरात देर शाम को एक आयोजन के दौरान पंडाल में बम जैसी वस्तु में तेज धमाके से हड़कंप मच गया। इस दौरान स्थानीय सांसद समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होने से टल गया वरना जान-मान का बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे के दौरान भाजपा के दो सांसद, एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष मौजूद थे। अच्छी बात यह रही कि इसमें कोई गणमान्य व्यक्ति घायल तक नहीं हुआ है। पूरा मामला गौतमबुद्धनगर के जेवर क्षेत्र में हुआ। यहां पर दाऊजी मंदिर परिसर स्थित



परशुराम मंदिर पर चल रहे परशुराम जयंती समारोह में रविवार देर रात पंडाल के ऊपर बम जैसी वस्तु फटने से आग लग गई। कार्यक्रम में भाजपा के दो सांसद, एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं, शिकायत मिलने पर स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी है।से मिली जानकारी के मुताबिक, दाऊजी मंदिर परिसर स्थित परशुराम मंदिर परिसर में रविवार देर शाम कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद महेश शर्मा, अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, एमएलसी श्रीचंद शर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी मुख्य अथिति के तौर पर पहुंचे थे। आयोजकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जा रहा था, उसी दौरान रात करीब साढ़े दस बजे पंडाल के ऊपर जोरदार धमाके के साथ बम फटने की आवाज से भगदड़ मच गई। देखते ही देखते पंडाल में आग लग गई। भगवान परशुराम युवा सेवा समिति के महा सचिव हेमन्त कुमार व अध्यक्ष शिवकुमार ने कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए मामले की गंभीरता से जांच करने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जेवर कोतवाली प्रभारी अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि मंच से थोड़ी दूरी पर आतिशबाजी की जा रही थी, हो सकता है कोई पटाखा छिटककर वहां तक पहुचा हो। इसके अलावा पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

## विश्व को खाद्य संकट से उबारने में भारत की पेशकश पर होगा विचा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में अगले हफ्ते वैश्विक खाद्य सुरक्षा व संकट के हालात पर चर्चा करने के लिए मंत्रिस्तरीय बैठक होने वाली है। इसमें यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते दुनिया के कई देशों के सामने पैदा हुए खाद्यान्न संकट को दूर करने में भारत की पेशकश पर भी विचार किया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की ओर से 18 मई को बुलाई गई इस बैठक में भारत भी हिस्सा लेगा। बैठक में मुख्य तौर पर इस बात पर विचार होगा कि एशिया और अफ्रीका के गरीब देशों को भावी खाद्यानन्न संकट से कैसे बचाया जाए। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस बैठक के साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी खाद्य संकट पर एक बहस होनी है। यह संकट मुख्य तौर पर यूक्रेन से गेहूं आपूर्ति के प्रभावित होने और रूस पर लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से पैदा हुआ है।

## हिमाचल में सात क्रिकेट स्टेडियम बनाने पर हुए 15 मामले दर्ज

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में 70 क्रिकेट एकेडमी खोलने का लक्ष्य है। जिसमें से 45 क्रिकेट एकेडमी अभी तक प्रदेश में खोल दी हैं। हिमाचल प्रदेश में सात क्रिकेट स्टेडियम बनाने पर 15 मामले दर्ज हुए हैं। जिनका निपटारा अब जाकर सुप्रीम कोर्ट से हुआ है। यह उद्गार केंद्रीय खेल ओर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहे। अनुराग ठाकुर जिला सिरमौर के नाहन विधानसभा क्षेत्र के



माजरा में 5.50 करोड़ से बनने वाले एस्ट्रोटर्फ का शिलान्यास करने पहुंचे थे। शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि उन्होंने बिना किसी सरकार के सहयोग से 2 वर्ष में 300 फुट के पहाड़ को काटकर धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनवा कर तैयार किया था। अब वह प्रदेश के प्रत्येक जिला में एक क्रिकेट स्टेडियम बनाना चाहते हैं। जिस जिला में क्रिकेट स्टेडियम के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। वहां पर क्रिकेट स्टेडियम बना दिया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब पंजाब और हरियाणा के खिलाड़ी मेडल जीत सकते हैं, तो हिमाचल के खिलाड़ी क्यों नहीं। ठाकुर ने जनता को आश्वस्त किया कि वह हिमाचल कि खेलों से भी पहचान बनायेंगे। आने वाले समय में माजरा हॉस्टल में सभी प्रकार की सुविधाएं छात्र छात्राओं को दी जाएगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम कितना ही बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बना लें। मगर अगर वहां पर बेहतर कोच नहीं होंगे, तो हम बच्चों को क्या सीखेंगे। जिस पर अनुराग ठाकुर ने घोषणा करते हुए कहा कि माजरा स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रत्येक 3 महीने में देश के बड़े कोच 1 सप्ताह के लिए यहां पर खिलाडि़यों को कोचिंग देने के लिए आएंगे। साथ ही अनुराग ठाकुर ने ऊर्जा मंत्री एवं पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी की मांग पर पांवटा साहिब में इंडोर स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ करवाया था। देश के सभी खेल मंत्रियों को अपने राज्यों के खिलाडियों से बात करनी चाहिए कि उन्हें क्या समस्या है तथा उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है।

## दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज से अपने दो दिवसीय असम दौरे पर रहेंगे। रविवार की देर रात वह गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनका सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने स्वागत किया। सोमवार और मंगलवार अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह मंगलवार को गुवाहाटी के खानापारा मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। 10 मई, मंगलवार को असम की सत्ता में अपना एक साल पूरा करने जा रही मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली सरकार की पहली वर्षगांठ पर, गृह मंत्री अमित शाह कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे।



# लाशों के साथ रेप करने वाले आरोपियों का होगा डीएनए टेस्ट, फोरेंसिक टेस्ट में हुई रेप की पुष्टि

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**थरवई।** खेवराजपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाले साइकोकिलर गैंग के गिरफ्तार आरोपियों का सोमवार से डीएनए टेस्ट होगा। डीएनए और ब्लड सैंपल लेकर लैब भेजा जाएगा। ताकि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में हत्या और दुष्कर्म के पुख्ता सुबूत पेश किए जा सकें। थरवई के खेवराजपुर गांव में 22 अप्रैल की रात एक ही परिवार के पांच लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। बुधवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में नवल खरवार, रोहित खरवार, पीपी कुमार खरवार को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद हत्याकांड में शामिल मोनू गौतम, भीम कुमार गौतम और उसकी पतनी संगीता के साथ कैमूर व आकाश खरवार को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में खेवराजपुर के अलावा गोहरी में सामूहिक हत्याकांड का खुलासा हुआ था।इन दोनों घटनाओं में साइको किलर गैंग ने सामूहिक हत्याओं के बाद महिलाओं की लाशों के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने यह बात



स्वीकारा है। इस बात की पुष्टि के लिए आरोपियों का अब डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है।एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के डीएनए टेस्ट के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट की अनुमति के बाद सोमवार से गिरफ्तार सभी आरोपियों का डीएनए टेस्ट होगा। ताकि आरोपियों के खिलाफ डीएनए रिपोर्ट के आधार पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सके। थरवई के खेवराजपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाले साइकोकिलर गैंग के गिरफ्तार आरोपियों का सोमवार से डीएनए टेस्ट होगा। डीएनए और ब्लड सैंपल लेकर लैब भेजा जाएगा। ताकि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में हत्या और दुष्कर्म के पुख्ता सुबूत पेश किए जा सकें। थरवई के खेवराजपुर गांव में 22 अप्रैल की रात एक ही परिवार के पांच लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। बुधवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में नवल खरवार, रोहित खरवार, पीपी कुमार खरवार को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद हत्याकांड में शामिल मोनू गौतम, भीम कुमार गौतम और उसकी पतनी संगीता के साथ कैमूर व आकाश खरवार को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में खेवराजपुर के अलावा गोहरी में सामूहिक हत्याकांड का खुलासा हुआ था।इन दोनों घटनाओं में साइको किलर गैंग ने सामूहिक हत्याओं के बाद महिलाओं की लाशों के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने यह बात स्वीकारा है। इस बात की पुष्टि के लिए आरोपियों का अब डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है।एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के डीएनए टेस्ट के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट की अनुमति के बाद सोमवार से गिरफ्तार सभी आरोपियों का डीएनए टेस्ट होगा। ताकि आरोपियों के खिलाफ डीएनए रिपोर्ट के आधार पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सके।

# संपूर्ण समाधान दिवस बना हंगामा दिवस

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होता है। शनिवार को काफी तू तू मैं मैं से संपूर्ण समाधान दिवस भी बाधित हो रहा था। अधिवक्ता विपिन तिवारी से किसी मुकदमे को लेकर काफी गरमा गरमी रही। इसी बीच एसडीएम फूलपुर अम्बरीश कुमार



संपूर्ण समाधान दिवस के मुख्य अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी हरिशंकर की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इस बीच तहसीलदार फूलपुर अजीत कुमार सिंह से कई अधिवक्ता अपने-अपने वाद संबंधी मामलों में आकर घंटों भिड़े रहे। बिंद से एक मुस्लिम महिला नाजिया परवीन जिला इलाहाबाद से जुगुनीडीह के लेखपाल अखिलेश यादव ने वरासत के नाम पर 4000 लेकर काम ना करने की शिकायत करते हुए हंगामा काटा। तत्पश्चात सीओ फूलपुर रामसागर से अधिवक्ताओं ने हुज्जत तकरार की। इसी बीच वकील फूलचंद यादव द्वारा मुबारकपुर रोड की ध्वस्त पुलिया के प्रकरण पर काफी चिक चिक हुई। इस शनिवार को पूरे दिन हंगामा में ही कट गया। इस बीच अधिवक्ताओं का एक ग्रुप उमाकांत शुक्ला, सुधांशु दुबे, शशांक शेखर मिश्र, संदीप मिश्रा, कृष्ण चंद्र मिश्र, उमाकांत अवस्थी, विपिन तिवारी के नेतृत्व में तहसील में शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था आरो मशीन लगवा कर करने का हंगामा किया। इस अवसर पर कुल 340 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें तीन का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर, वीडीओ फूलपुर प्रवीणानंद, बहरिया सुनील कुमार सिंह, सहसो बबीता गुप्ता, एडीओ गुलाब चंद पांडेय, आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, वन विभाग वासु चंद तिवारी, एसडीओ विद्युत प्रांजल मिश्र, थाना अध्यक्ष फूलपुर, बहरिया, झूशी, सराय इनायत के अलावा समस्त कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## दर्जनों अपात्रों ने किए अपने राशन कार्ड सरेंडर

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** समाचार पत्रों से लेकर सोशल मीडिया पर प्रदेश की नई सरकार की मंशा पात्रों को राशन मुफ्त में देने की योजना हेतु अपात्रों का आवाहन किया गया है। कि वे अपने राशन कार्ड स्वेच्छा से सरेंडर कर दें। जिसके क्रम में शनिवार को फूलपुर संपूर्ण समाधान दिवस में दर्जनों से अधिक लोग जो सरकारी नौकरी, 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि, चार पहिया वाहन, आयकर दाता आदि ने स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड विभाग को सरेंडर कर दिया। अन्यथा उनके साथ विधिक कार्यवाही के साथ बाजार भाव से प्राप्त किए गए राशन व अन्य सामग्री की वसूली नगदी में की जाती। पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी ने बताया। कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी फरमान का प्रचार तेजी से होना चाहिए। ताकि समय रहते लोग इसका फायदा उठा सकें।

# सीतापुर जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से की जनसुनवाई आशीष त्रिवेदी आधुनिक समाचार सीतापुर




(आधुनिक समाचार सेवा)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर।** जिलाधिकारी सीतापुर श्री अनुज सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर0पी0सिंह द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील महोली में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों/प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# सीतापुर जिला पंचायत अध्यक्ष सीट के लिए हुआ माहौल गर्म

(आधुनिक समाचार सेवा)
आशीष त्रिवेदी

**सीतापुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट बड़े समय बाद शिव कुमार गुप्ता जी की बहू ने कब्जा जमाया था किंतु कुछ समय ही हुआ की अध्यक्ष इस सीट को लेकर सीतापुर का माहौल दोबारा गर्म हुआ सभी जिला पंचायत सदस्य ने पहले तो बैठक का बहिष्कार किया था फिर दूसरी बैठक में पहुंचे तो वही शिव कुमार गुप्ता जी के विरोध का स्वर भी तेज हुआ कई जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष पर पैसा हड़प करने का आरोप भी लगाया बैठक मैं सदस्यों ने मनमाने ढंग से कार्य कराने सदस्य को कोई वरीयता ना देने की बात भी कही भारी गहमागहमी के बीच आज की बैठक को निरस्त करना पड़ा आने वाली बैठक में देखिए क्या नतीजा निकलता है



# बीसी सखी प्रदेश की महिलाओं को रोजगार में सहायक

(आधुनिक समाचार सेव)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गाँव-गाँव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुँचाने के लिये 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) बनाने का काम पूरा कर लिया है। यह योजना उनके रोजगार में सहायक है।सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगार, मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि0 (यूपीकॉन) ने बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) बना लिये हैं। बीसी सखी बनाने का लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से प्रदेश में बीसी सखी बनाने का कार्यक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मिलकर किया जा रहा है। यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि0 (यूपीकॉन) भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, वित्त एवं विकास निगम लि0 के माध्यम से 500 अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर देते हुए बीसी बनाए थे। बीसी सखी बनाने के लिए पूर्व सैनिकों, पूर्व शिक्षकों, पूर्व बैंक कर्मियों और महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। बीसी सखी बनने के लिए योग्यता में 12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थी को कम्प्यूटर चलाना भी आना चाहिए, उस पर कोई वाद या पुलिस केस नहीं होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी के चयन से पहले एक छोटी सी परीक्षा भी ली जाती है। इसमें उत्तीर्ण होने वाला अभ्यर्थी बीसी सखी बन सकता है।बीसी सखी योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को सम्मानजनक काम मिलने के साथ लोगों की सेवा करने का भी बड़ा अवसर मिल रहा है। लोगों को तत्काल बैंकिंग सेवा मिलने से उन्हें खुद को भी खुशी होती है। बीसी सखी बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रत्येक माह एक निश्चित आमदनी का माध्यम बना है। उन्हें एक स्थायी रोजगार मिला है। बीसी सखी योजना के तहत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर देना रोजी-रोटी का एक बेहतर साधन बना है। इससे सबसे अधिक फायदा बैंक के ग्राहकों को हुआ है। उनको बैंक में लाइन लगाने और समय लगाना बंद हो गया है और बैंक तक जाने का समय किराया भी उनका बचा है। छोटे स्तर पर बैंकिंग सेवाएं लोग बीसी सखी से ले रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ सबसे अधिक बैंक ग्राहकों को मिल रही है। सरकार की ओर से बैंकिंग सेवाओं को बड़ी सौगात खासकर गांव के लोगों को दी जा रही है। ग्रामीण पहले बैंक से पैसा निकालने और जमा करने में आने-जाने में जो खर्चा करते थे उसकी भी बचत हो रही है। प्रदेश में 58185 जी0पी0 के सापेक्ष 56,000 बी0सी0 सखी का चयन पूर्ण कर लिया गया है। 41869 बीसी सखी को आरसेटी द्वारा प्रशिक्षण एवं आईआईबीएफ द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया है। 36389 बीसी सखी को समय से धनराशि अंतरण 29561 बीसी सखी द्वारा माइक्रो एटीएम का क्रय का कार्य किया गया है। बीसी सखी द्वारा वर्ष 2020-21 में 154.40 करोड़ धनराशि का ट्रॉजेक्शन तथा 2021-22 में 2200 करोड़ रू0 का ट्रॉजेक्शन किया गया है। प्रदेश सरकार की इस नीति से ग्रामीण स्तर पर महिलायें आत्मनिर्भर हो रही हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर रोगियो की मदद के लिये संगठन एकजुट

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** दिनांक 8 मई 2022 वर्ल्ड थैलेसीमिया डे के उपलक्ष्य में यूफोरियल यूथ सोसाइटी, प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान एवं विजय मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं जागरुकता शिविर का आयोजन इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक सिविल लाइन प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ निकुंज कुमार अग्रवाल, डॉ चेतन कपूर, कैप्टन मेंहदी नक़वी एवं मोहम्मद नईम का माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम का उद्देश्य था लोगो को थैलेसीमिया से पीडि?त लोगो के प्रति जागरूक करना उन्हें समय पर रक्त मुहैया कराया जा सके।इस कार्यक्रम में थैलेसीमिया मरीज़ और उनके माता पिता शामिल हुए और लोगों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया उनका कहना था




कि रक्त का अभाव और लोगों के बीच रक्त से जुड़ी अफवाहों के वजह से लोगों का ब्लड ना देना एवं कई सारी समस्याओं के विषय को अवगत कराया! पूरी टीम ने आश्वासन दिया कि हम ब्लड का अभाव नहीं होने देंगे और समय समय पर रक्त शिविर का आयोजन करते रहेंगे इस शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें ज्यादातर महिलाओं ने हिस्सा लिया और मातृ दिवस को अलग रूप में मनाया! लोगों ने महिलाओं के इस जज्बे को सलाम किया शिविर को सफल बनाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबंधक श्री फरहान आलम, प्रतीक तिवारी, उस्मान अब्बास खान, वकील शैलेन्द्र कुमार तिवारी, आकांक्षा अग्रवाल, समर आलम, निधि सिंह, पिंकी चौहान,अनिमेष गुप्ता रफत अली, एवं एनएच ब्लड बैंक के मैनेजर नवीन प्रजापति साथ ही साथ यूफोरियल युथ सोसाइटी के संस्थापक श्री देवेश जयसवाल ,उपाध्यक्ष अनीश पाण्डेय, टीम के मेडिकल आफिसर मनोज त्रिपाठी, मोहम्मद सुभान, सागर सोनकर, आशीष, राहुल कुमार, सुहानी सिंह और विजय मेमोरियल ट्रस्ट से श्री संदीप श्रीवास्तव जी मौजूद रहे और इस शिविर को सफल बनाया


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मई 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब हुआ तो तय होगी जवाबदेही-डीएम

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्ता

**बलिया।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सभी तहसीलों में हुआ। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सिकंदरपुर तहसील में जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान उनके सामने कुल 197 मामले आए जिनमें 22 का मौके पर निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए सख्त निर्देश दिया कि इसका समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। अधिकांश मामले चकबंदी विभाग से संबंधित थे। डीएम ने चकबंदी अधिकारी धनराज यादव को फटकार लगाते हुए मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पैमाइश एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाएं। समय से हर किसी की शिकायत का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, सभी अधिकारी इस बात का ख्याल रखें। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ या निस्तारण सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम प्रशांत नायक, सीओ राजेश तिवारी, सीएमओ डॉ नीरज पांडेय, दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी राजीव यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



आईजीआरएस पोर्टल के प्रति रहें गम्भीर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील स्तरीय अधिकारी तहसील मुख्यालय, एवं जिला स्तरीय अधिकारी जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। विशेष परिस्थिति में मुझसे अनुमति लेकर ही जाएंगे। विशेष जोर देकर कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों के प्रति गंभीर हो जाएं। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना सुनिश्चित करें।

# गंगा सप्तमी पर चलाया स्वच्छता अभियान मे लिया सफाई का संकल्प

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्ता

**बलिया।** गंगा सप्तमी के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र ने रविवार को गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। पतितपावनी को साफ करने व रखने का संकल्प भी लिया। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सलभ उपाध्याय ने बताया कि आज के ही दिन भागीरथी ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा नदी को स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित किया था। इस दिन गंगा पूजन का विशेष महत्व है। हिमांशु गुप्त ने बताया कि भारत की 40 फीसदी आबादी गंगा नदी पर अपने जीवन के लिए आश्रित है। आज यह नदी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। हम सबको मिलकर यह शपथ लेना है कि गंगा को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में स्पेयरहेड टीम के जिला प्रशिक्षक हिमांशु गुप्त के नेतृत्व में गंगा दूतों ने गंगा नदी के महावीर घाट की सफाई की। सूर्य नमस्कार व योगा भी किया। इस दौरान पंकज, परमेश्वर, अजीत, गोपी, राजा गोंड, राजा पासवान, अर्जुन, दीपू, राजीव, राहुल आदि थे।



# गजब के ग्रा0 वि0अ0एवं प्रधान, ग्राम चमरूपुर शुक्लान

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चमरूपुर शुक्लान में प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी शासन के धन को लूटने में लगे हुए हैं। वे एक ही कार्य का दो बार का भुगतान करवा कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। इस ग्राम पंचायत के पवन कुमार शुक्ल गोलू एवं आशुतोष ओझा ने एक विज्ञप्ति ने बताया कि इस ग्राम पंचायत की प्रधान निर्मला देवी हैं लेकिन पूर्व प्रधान का बेटा और वार्ड संख्या 12 का सदस्य का पति राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा मौर्या स्वजातीय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुधाकर मौर्य एवं प्रधान के साथ मिलकर कर रहा ग्राम निधि का गबन कर रहा है। वह मनमानी तथा भ्रष्टाचार से इस ग्राम पंचायत के धन को खोखला कर रहा है। ग्रामीणों को लाभ न देकर वह स्वयं और स्वयं के परिवार व सजातीय लोगों को शासन का धन लूटा रहा है उसने वर्ष 2021-22 में कार्य संख्या 54 645600 पंचायत भवन मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर लगभग 14 लाख रुपए निकाल कर शासन के निर्देशों तथा गाइडलाइन का खुला उल्लंघन करते हुए पंचायत भवन में शौचालय एवं इंटरलॉकिंग कार्य के भुगतान हेतु अलग-अलग बाउचर क्रमांक एवं अलग-अलग तारीखों में लगभग ?623000रु का गबन किया गया है। ग्राम विकास अधिकारी एवं तथाकथित प्रधान व प्रधान ने वाउचर क्रमांक- 5ऊएइण/2021-22/इ/4, दिनांक-21/02/2022 राशि रु 207683/-वाउचर क्रमांक- 5ऊएइण- 2021-22 इ/5 दिनांक 22/02/ 2022 राशि ?207683/-तथा वाउचर क्रमांक5ऊएइण-2021-22 इ/6 दिनांक 14-03-2022 राशि 207683/-रुपए का घोटाला किया। बिना जियो टैगिंग कराए ही काम करवाया गया है। वर्ष2021-22 में पक्की सड़क से डाकखाना तक इंटरलॉकिंग निर्माण तथा मजदूरी कार्य को पूर्ण दिखाते हुए फर्जी स्थल की फोटो अपलोड कर जियो टैग कराते हुए सरकारी धन का गबन किया गया जबकि कार्यस्थल पर कार्य ही नहीं हुआ था, ग्रामीणों द्वारा दिनांक 30- 3-2022 को इसकी जाँच हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। तब आनन फानन में गुणवत्ता एवं मानक विहीन इंटरलॉकिंग कार्य कराया गय वार्ड सदस्य पति राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा मौर्य ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तथा प्रधान की मिलीभगत से ग्राम पंचायत चमरूपुर शुक्लान वर्ष 2021-22 की कार्य योजना में ग्राम पंचायत चमरूपुर शुक्लान से अलग हटकर अन्य ग्राम पंचायतों यथा मतूपुर बोझी, सँडवा दुबान आदि ग्राम पंचायतों के कार्यों को कार्य योजना में अंकित कराकर घोटाला और गबन करने हेतु उच्च अधिकारियों से कार्यों की संस्तुति/अनुमोदन भी प्राप्त किया है जो कि सर्वथा विधि विरुद्ध एवं आपत्तिजनक है। संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी सुधाकर मौर्य का ग्राम सचिवालय में बैठने एवं प्रवास का दिवस तथा समय एवं मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत सचिवालय में सार्वजनिक तौर पर अंकित न होने के कारण उनके इशारे पर उपरोक्त दबंग बिचौलियों के द्वारा गरीब जनता का अनवरत शोषण किया जा रहा है। ग्रामीण जनता मृत्यु प्रमाण पत्र, कुटुंब रजिस्टर की नकल, एवं अन्य प्रमाण पत्रों हेतु दर-दर भटकती है। भ्रष्टाचार एवं शोषण का आलम तो यहाँ तक है कि वार्ड सदस्य प्रति राजेंद्र मौर्य उर्फ राजा मौर्य एवं सजातीय ग्राम पंचायत अधिकारी सुधाकर मौर्य की मिलीभगत से दलित महिला प्रधान के संयुक्त बैंक खातों में एवं प्रधान के लेटर पैड पर उक्त राजा मौर्य का मोबाइल नंबर अंकित है हजोकि सरकार की महिला सशक्तीकरण की नीति एवं पारदर्शी शासन की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। ग्राम पंचायत के पवन कुमार शुक्ल, आशुतोष ओझा, संतोष मिश्रा, सोभनाथ गौतम, ज्ञानेंद्र प्रसाद गौतम, मेवा लाल मौर्य, मोनू, विश्वनाथ पटवा, प्रेम चंद्र वैश्य आदि ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुधाकर मौर्य के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही एवं जाँच कर निलंबन करने तथा वार्ड सदस्य पति राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा मौर्य एवं प्रधान के बिचौलियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही करने की माँग की है। इस संबंध में सुधाकर मौर्य से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ बाउचर भूल से दो बार चढ़ गए हैं। जब उनसे प्रधान का नाम पूछा गया तो उन्होंने प्रधान का नाम राजा मौर्य बताया। इससे लगता है कि ग्राम विकास अधिकारी एवं राजा मौर्य की मिलीभगत से न केवल शासन के धन का गबन किया जा रहा है बल्कि एक दलित प्रधान के अधिकारों से उसको वंचित करके उसका शोषण किया जा रहा है। दलित प्रधान को फोन करने पर राजा मौर्य फोन उठाता है क्योंकि यह फोन उसी का है जिससे प्रधान से बात नहीं हो पाती है। प्रधान पति मानिकचंद से बात करने पर वह भी राजा मौर्य को फोन दे देता है और कहता है कि आप इनसे बात कीजिए। इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि इस ग्राम पंचायत में गड़बड़ जरूर है। आशुतोष ओझा ने 22 सितंबर 2021को जन सूचना अधिकार के तहत सूचनाएं माँगी थी जिसे उसने आज तक नहीं प्रदान किया जिससे यह बात और सिद्ध हो जाती है कि इस ग्राम पंचायत में गबन किया गया है। साथ ही योगी सरकार के पारदर्शी शासन पर एक सवालिया निशान है।

# बलिया मे खूनी सड़क हादसे में दो की मौत, एक जख्मी

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्ता

**बलिया।** जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्रा सेतु पर जनाड़ी चौराहा के पास सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान उनकी जेब से मिले मोबाइल के आधार पर अमित राय (24) पुत्र अशोक राय, नंदू गोंड (23) पुत्र स्वामीनाथ गोंड निवासी बड़का दीया थाना कृष्णा ब्रह्म जिला बक्सर (बिहार) के रूप में की गई। घायल आशीष राय का उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बिहार के बक्सर जिले के थाना कृष्णा ब्रह्म सेमरी निवासी घायल आशीष राय और मृतक नंदू गोंड एक बाइक से आ रहे थे। अमित राय रेवती थाना क्षेत्र के हड़िया ग्राम अपने मामा के यहां शुक्रवार को आए थे, जहां से सुबह सेमरी बक्सर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही बलिया के दुबहर थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्रा सेतु पर जनाड़ी चौराहा के पास पहुंचे कि दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी बेजोड़ थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची दुबहर पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने नंदू और अमित राय को मृत घोषित कर दिया। आशीष राय का उपचार चल रहा है।

# जमाते इस्लामी हिन्द का ईद मिलन समारोह सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** अल अंसार पब्लिक स्कूल नयापुरा कोडापुर के प्रांगण में रविवार 10 बजे दिन जमाअते इस्लामी हिन्द शाखा फूलपुर की जानिब से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अब्दुल वाहिद झूसी ने कहा कि यह त्यौहार आपसी भाईचारे सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देता है। ईद के दिन सारे गम भूल कर घर परिवार छोटे-बड़े अजीज अकरबा तथा हिंदू भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारक देना इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य है। ताकि दिलों की दूरियां कम हो। नफरतों की दीवार गिराई जाए। रूठे भाई को गले आज लगाया जाए। यही है ईद का मकसद। आयोजन डॉक्टर सिराजउद्दीन सिद्दीकी ने कहा दोनों मजहबों में ईश्वर ने दो ऐसे त्यौहार ईद और होली देकर वर्ष भर की बुराइयों और नफरतों की दीवार गिराने का आवाहन किया है। मोहम्मद नोमान एवं समीम अहमद अंसारी एडवोकेट ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# सपा नेता के घर में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत के शेषपुर उत्तरी नेहरू बाजार निवासी सुरजीत कुमार उर्फ कुमार मंगल पुत्र स्वर्गीय राम कुमार ने फूलपुर थाने में एक तहरीर देकर बीती रात 2:17 बजे पुश्तैनी मकान से आग की लपटे उठती देख डायल 112 को सूचना दी। तत्पश्चात फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इस बीच गृह स्वामी की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। किसी प्रकार से आग पर काबू पाया गया। घटना के समय भुक्तभोगी की माता तथा बहन का एक बच्चा भाई-बहन भतीजी भतीजा सो रहे थे। भाग्य बस सभी बिल्कुल सुरक्षित निकाल लिए गए। वरना रात के दूसरे पहर में भयावह स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता था। कोतवाली में मामले की तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। सीसीटीवी फुटेज से कुछ संदिग्धों की पहचान कराई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मकान में आग कैसे लगी है। इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।



## अग्नि शमन दल कर्मी पहुंचे पीएचसी मैलहन

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों में अगिन्शमन की हकीकत जानने फूलपुर के दमकल कर्मी मोहम्मद मुर्तजा एल.एल.एम. एवं गार्ड रणजीत सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैलहन का मुआयना किया। यहां एक भी एक्सीटग्यूसर अगिन्शमन हेतु नहीं लगाया गया है। जबकि अस्पताल के सामने चल रहे एक निजी अस्पताल में दो अगिन्शमन यंत्र लगे हैं। मोहम्मद मुर्तजा ने अपने उच्चाधिकारियों एवं सीएचसी अधीक्षक से अगिन्शमन यंत्र के बारे में बात करने को कहा। इस बीच जन आरोग्य मेला में 28 मरीजों ने जांच करवा कर दवाएँ ली। डॉ0 विनोद कुमार पटेल, फार्मेसिस्ट अच्छेलाल, चंद्र कली, मीरा, नेहा, अरुणा सिंह, बी शुक्ला, नसीम आदि उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाया जाय-वन राज्य मंत्री

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** वन, पर्यावरण, जन्तु, उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने जिला चिकित्सालय, मलिन बस्ती सहोदरपुर पूर्वी, कान्हा गौशाला, प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार, सम्पूर्ण समाधान दिवस सदर तहसील, पर्यावरण पार्क का निरीक्षण किया एवं विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून वयवस्था की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करते कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाया जाय। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मरीजों को फल वितरण किया तथा मरीजों से उपचार के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने कोविड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया, प्रभारी कन्ट्रोल रूम द्वारा बताया गया कि कन्ट्रोल रूम में कुल 12 कार्मिक तथा 10 टेलीफोन लाइने लगायी गयी है, चौबीस घंटे यह कन्ट्रोल रूम संचालित किया जाता है। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से वर्तमान समय में कोविड वैक्सीनेशन तथा टीवी के मरीजों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मलिन बस्ती सहोदरपुर पूर्वी के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभाथिर्यों से जानकारी प्राप्त की, उन्होंने लाभाथिर्यों से आवास योजना में किसी तरह के धन लेने की बारे में पूछा तो लाभार्थी द्वारा बताया गया कि आवास हेतु कोई भी धनराशि की मांग नही की गयी है। कान्हा गौशाला बराछा के निरीक्षण में मंत्री ने गौशाला में लगे हुये गोबर प्लान्ट के संचालन को देखा, अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्लान्ट द्वारा उत्पादित गैस से यहां की प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था की जाती है। मंत्री ने वर्मी कम्पोस्ट की व्यवस्था सुचारू रूप से किये जाने का निर्देश दिया ताकि गोबर का व्यवसायिक उपयोग किया जा सके तथा गौशाला आत्मनिर्भर बन सके। प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार के निरीक्षण मंत्री जी ने विद्यालय के नव-नामांकित 50 बच्चों को पेंसिल, बाक्स, कापी तथा किताबें वितरित की गयी। मंत्री जी ने निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा नामांकन से छूटा न रह जाये, अभियान चलाकर बच्चों का विद्यालय में शत् प्रतिशत नामांकन करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में मंत्री जी उपस्थित हुये तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की सभी योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ जनता को दिलवाया जाये, ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता जैसे लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी के स्तर पर जारी होने वाले प्रमाण पत्रों जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वरासत, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र आदि पूरी पारदर्शिता से एवं समयबद्ध रूप से जारी किये जाये जिनके लिये सामान्य नागरिकों को तहसील या ब्लाक का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। मंत्री ने चिलबिला स्थित पर्यावरण पार्क का निरीक्षण किया तथा वन विभाग के अधिकारियों को पर्यावरण पार्क के सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव बनाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मा0 सांसद संगम लाल गुप्ता, मा0 विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मा0 विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री जी ने परियोजनाओं के निर्माण तथा निराश्रित गोवंश गोशाला, स्कूल चलो अभियान, स्कूल में अध्यापकों की उपस्थिति, नगरीय क्षेत्रों मे साफ-सफाई, पेयजल, अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, आक्सीजन प्लान्ट, आयुष्भान भारत, सीएचसी एवं पीएचसी पर डाक्टरों की उपस्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, जल जीवन मिशन, गेहूँ खरीद, डीजी शक्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण, पुष्टाहार वितरण, वृक्षारोपण, विद्युत आपूर्ति, महिला अपराध एवं माफिया के विरूद्ध कार्यवाही, उज्जवला योजना आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि वृद्धावस्था, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन के लाभाथिर्यों के आधार प्रमाणीकरण के कार्य में तेजी लायी जाये ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे और शीघ्र ही उन्हें पेंशन की धनराशि प्राप्त हो। मंत्री जी ने जनपद के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त करते हुये कहा कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में और प्रगति लायी जाये। मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहुँचाया जाये, योजनाओं को पारदर्शी ढंग से लागू किया जाये तथा समयबद्ध रूप से परियोजनाओं को पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप कार्य करेगें तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। मंत्री के दिशा निर्देशों का शत् प्रतिशत सभी अधिकारी अनुपालन सुनिश्चित करेगें। बैठक में मा सांसद संगम लाल गुप्ता, मा विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# सुलह समझौता कर नुकसान के लिए 40000 फिर भी धोखे से दर्ज कराया मुकदमा............

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** थाना मऊआइमा अंतर्गत गाँव गोवर्धनपुर निवासी महेंद्र कुमार पटेल पुत्र नन्हे लाल पटेल अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई करके दिनांक 28/9/2021 को जा रहा था कि अचानक एक बच्चा आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बगल में स्थित एक किराने की दुकान में जा टकराई। जिससे दुकानदार का नुकसान हो गया। नुकसान की भरपाई को लेकर गाँव के ही कुछ संभ्रांत ब्यक्तियों के द्वारा दोनों पक्षों की सहमति पर नुकसान के 25000 रूपया महेंद्र कुमार ने दुकानदार राम लखन पटेल पुत्र स्वर्गीय बृजलाल पटेल को दे दिया। बावजूद 15000 रूपये चबूतरा व दीवार टूटने का लिया। जो पूरा 40000 रु नुकसान के लिए और मामला समाप्त हो गया। लेकिन कुछ महीने बीतने के बाद सुनने में आया कि दुकानदार के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी बात को महेंद्र कुमार जब पूछने लगा तो दुकानदार राम लखन ने कहा कि सब फर्जी है। मै कोई मुकदमा दर्ज नही करवाया हूँ। पीडि?त महेंद्र कुमार भरोसा करके वापस आ गया और थाने में जाकर पता किया तो 27/10/2021 की तारीख में मुकदमा अपराध संख्या611/2021 दर्ज था। जिसका नकल लेकर पीडि?त महेंद्र कुमार दिनाँक 4/5/2022 को दुकानदार राम लखन के पास पहुंचा। और कहा कि जब समझौता हो गया था और नुकसान की भरपाई भी मैने कर दी थी। तो मुकदमा क्यों लिखवाए। जब मुकदमा लिखवा दिए हो तो हमारा पूरा पैसा 40000 रूपये वापस करो। दुकानदार राम लखन पैसा वापस ना करने की बात कहते हुए अपने परिवार के 4 से 5 लोगों को बुलाकर लाठी व डंडे से पीडि?त महेंद्र कुमार की पिटाई कर दी। जिसके संबंध में पीडि?त ने थाना मऊआइमा में लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज करवाया और फर्जी मुकदमा को समाप्त किये जाने की गुहार शाशन प्रशासन के उच्च अधिकारियों से लगाई। ऐसे लोग जो सुलह समझौता करने के बाद मुकदमा दर्ज करवाने का काम करते हैं उनके नऊपर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

# लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से किया जा रहा अवैध कब्जा

(आधुनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत दबंगों द्वारा लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से अवैध रूप से जमीन कब्जा की जा रही थी जिसमें कि पीडि?त पक्ष ने एसपी गंगापार से मामले की गुहार लगाई तो मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने उठा ले गई। थाना थरवई क्षेत्र अंतर्गत कांदी गांव निवासी अशोक कुमार पुष्कर ने बताया कि वह एक भूमिहीन व्यक्ति है जो कि काफी अर्से मुद्दत से वह मकान बनाकर रह रहा था। जिसके क्रम में उसने धारा 67(क) उ0प्र0राजस्व संहिता के तहत उपजिलाधिकारी फूलपुर के न्यायालय में एक वाद दायर कर दिया। जिसके क्रम में पत्रावली लेखपाल व राजस्व के पास गई तो वह उपरोक्त गांव के विपक्षियों से मिलकर अशोक कुमार पुष्कर की जमीन को कब्जा करवाने के लिए विपक्षी से मोटी रकम ऐंठ कर जमीन कब्जा करवाने लगे। जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई लेकिन किसी ने नहीं सुना तो मामले की शिकायत एसपी गंगापार से की गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने उठा ले गई। वहीं अशोक कुमार पुष्कर ने हल्का लेखपाल श्याम सिंह तथा राजस्व निरीक्षक देवव्रत सिंह पर विपक्षियों से मोटी रकम ऐंठ कर जमीन कब्जा करवाने का आरोप लगाया है। उक्त प्रकरण में तहसील फूलपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसपी तिवारी ने कहा कि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा किए जा रहे कारनामे बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने बताया कि अशोक कुमार एक भूमिहीन व्यक्ति है तथा बेहद गरीब व्यक्ति है जिसकी गरीबी व कमजोरी का फायदा उठाकर लेखपाल व राजस्व निरीक्षक द्वारा विपक्षियों से मोटी रकम ऐंठ कर यह कृत्य किया जा रहा है। फूलपुर तहसील के राजस्व कमिन्यों द्वारा के इस कृत्य से तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता सृष्टि नाथ तिवारी, एजाज अहमद, देवेश यादव, श्याम जी यादव, आशीष त्रिपाठी, दिनेश कुमार सहित तहसील के अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है।

# इनोवा व पिकअप की टक्कर में बाल-बाल बचे चालक और सवारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के बग्घा नाला ओवरब्रिज पर एक बड़ी दुर्घटना होते होते बची, प्राप्त आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहनों को मामूली क्षति हुई है वही जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज



जानकारी के अनुसार आज शनिवार शाम चार बजे पिकअप सवार चालक बबलू पुत्र गुड्डू अमिला धाम से दर्शन करके दूद्धी की तरफ जा रहे थे वही छत्तीसगढ़ से इनोवा कार चालक नरेंद्र तिवारी चोपन की तरफ जा रहे थे ,बग्घा नाला ओवरब्रिज पर पहुंचते ही दोनों की मनोज कुमार ठाकुर ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है बताते चलें कि बग्घा नाला से होकर वैष्णो मंदिर तक सिंगल लेन होने की वजह से आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं जिसमें कई लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं।

# 101 प्रशिक्षणार्थियो को टेबलेट एवं स्मार्टफोन दिया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**घोरावल।** राजकीय आईटीआई कॉलेज,विसुंधरी, घोरावल में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में 101 प्रशिक्षणार्थियों को टेबलेट/स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय आईटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य गुलाब राम एवं संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण/शिशिक्षु) विंध्याचल मंडल के प्रतिनिधि विनोद कुमार ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर प्राचार्य गुलाब राम में कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को टेबलेट/स्मार्टफोन मिलने से उनको तकनीकी शिक्षा में दक्ष बनाने में काफी मदद मिलेगी। इससे विद्यार्थियों को वर्चुअल शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त करने में आसानी होगी। संयुक्त निदेशक के प्रतिनिधि विनोद कुमार ने प्रशिक्षणाथिर्यों को टेबलेट का समुचित प्रयोग करने एवं उनको लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया।इस मौके पर अनिल मिश्र, अनिल सिंह, कार्यदेशक एसजे सिंह,अनुदेशक बच्चा सिंह, अर्चना, राहुल विश्वकर्मा ,रामदुलारे मिश्र एवं नीरज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



# आए 790 मामले, सिर्फ 30 का मौके पर निस्तारण

**मीरजापुर ।** जनपद के चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 790 मामले आए। इनमें से सिर्फ 30 मामलों



का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। सबसे अधिक मामले राजस्व से संबंधित थे। एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र बहादुर सिंह ने सदर तहसील में फरियाद सुनी। इस दौरान कुल 129 मामले आए जिनमें से सिर्फ पांच का निस्तारण किया गया। चुनार तहसील सभागार में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, एसपी अजय कुमार सिंह व सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 174 मामले आए जिनमें से सिर्फ आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकतर शिकायतें खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत, आवासीय पट्टे पर कब्जा, भूमि तथा राजस्व से संबंधित थे। मड़िहान तहसील में अपरजिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ल ने लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 430 प्रार्थना पत्र आए जिसमें 10 का निस्तारण किया गया। इसके अलावा लालगंज तहसील में उपजिलाधिकारी विजय नारायण सिंह ने फरियाद सुनी। इस दौरान 57 मामले आए जिनमें से सिर्फ 7 का निस्तारण हुआ। खराब हैंडपंपों की शिकायत पर डीएम के तेवर कड़े हो गए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को हिदायत दी कि समस्या का तत्काल समाधान कराएं। इसके साथ ही अदलहाट थानें से सबंधित कई छोटी बड़ी शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। बिट्ठलपुर गांव के अमित पांडेय ने गांव के प्रधान पर गांव में स्थित तालाब में गंदा पानी गिराने का आरोप लगाया। ग्राम जलालपुर मैदान निवासी अजय कुमार सिंह ने गुहार लगाई कि उन्हें 2021 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा अभी तक नहीं मिला। गेला बाजार निवासी कंचन पांडेय ने कांशीराम आवास कालोनी में आवास आवंटित किए जाने की मांग की। डीएम ने अनुपस्थित रहे अधिशासी अभियंता सिचाई खंड चुनार का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। विलंब से आने वाले सात अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि कार्यशैली में सुधार लाएं नहीं तो कार्रवाई होगी। डीएम ने कहा कि कार्यालय में बैठकर रिपीट लगाने की प्रवृत्ति अधिकारी छोड़ें और मौके पर जाएं। इसके अलावा शिकायतकर्ता को भी बुलाएं और उसे संतुष्ट करें। यदि शिकायत गलत है तो उसकी आख्या दें। आइजीआरएस के संबंध में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव स्तर से की जा रही मानीटरिंग की चर्चा करते हुए कहा कि अब लापरवाही पर सीधे कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से टीम बनाकर छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण कराएं। इस दौरान सीएमओ डा. राजीव सिघल, डीएसओ उमेशचंद्र, बीएसए गौतम प्रसाद, एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, तहसीलदार अरुण कुमार गिरी आदि मौजूद रहे। मड़िहान तहसील में प्रभारी निरीक्षक अहरौरा, खंड विकास अधिकारी पटेहरा, एडीओ पंचायत राजगढ़।

# वेतन न मिलने से नाराज सचिव व कर्मियों ने किया प्रदर्शन..............

**जमालपुर (मीरजापुर) ।** ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को पंचायत कार्यालय के बाहर कई माह से वेतन न मिलने से नाराज साधन सहकारी समिति के सचिव एवं कमिर्यों ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि अगर जल्द ही वेतन नहीं मिला तो आंदोलन तेज करने को विवश होंगे। हालांकि एडीओ कोआपरेटिव कृष्ण मुरारी त्रिपाठी के आश्वासन पर कर्मचारी आधे घंटे बाद प्रदर्शन को समाप्त कर दिया कर्मचारियों ने बताया कि कई माह से वेतन न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान कृपाशंकर यादव, चंद्रप्रकाश, अमरनाथ सिंह, गोपाल सिंह, नागेश्वर प्रसाद, बृजेश सिंह, बाबूलाल सिंह, संजय मिश्रा, उमाशंकर पाल आदि रहे।




# टेम्पो ने कंटेनर के पिछे से मारा जोरदार टक्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर रविवार दोपहर डिवाइडर कटींग के पास टेम्पो ने कंटेनर को पिछे से मारा जोरदार टक्कर दिया जिससे की इस घटना में आधा दर्जन के करिब टेंपो सवार घायल हो गए रविवार दोपहर पवने बारह बजे के करीब गुरमुरा के तरफ से कंटेनर व टेम्पो आ रहें थे जैसे ही डाला चढ़ाई डिवाइडर के कटींग मोड़ पर कंटेनर अचानक से घुमा दिया जिससे पिछे तेज रफ्तार से आ रही टेम्पो अनियंत्रित होकर कंटेनर के पिछे जोरदार टक्कर मार दिया वहीं इस दौरान टेम्पो सवार चंपा पतने रामचंद्र निवासी गुरमुरा फूल कुमारी पतने केशव पार्वती पतने रामसिंह शिला पत्नी रामसुभग रुक्म पत्नी सुखराज देवकुमारी पत्नी विजय बहादूर घायल मुनेश्वरी पतने कमला उर्मिला पत्नी रामचरित्र राम कली पत्नी समेरू फुलमनिया पत्नी रामजीत सवार रहें व घायल हो



गए वहीं घटना होते ही आसपास के रहवासियों मौके पर पहुंचकर टेम्पो में फंसे महिलाओं को बाहर निकाला सूचना पाकर मौके पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर ने स्थानीय लोगों के मदद से घायलों को निजी वाहन से चोपन अस्पताल भेजवाया मिली जानकारी के मुताबिक टेम्पो में सवार सभी महिलाएं शादी में सामिल होने जा रही थी और यह घटना हो गया यह घटना होते ही टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया व तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है

# सोनभद्र जिले के दो उप निरीक्षक ना.पु.से निरीक्षक पद पाने वाले पुलिस लाइन में नये पदों के लिए सम्मानित किया गया...............

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में नियुक्त उप निरीक्षक ना0पु0 देवेन्द्र प्रताप सिंह व उप निरीक्षक ना0पु0 शेषनाथ पाल को वरिष्ठता के आधार पर निरीक्षक ना0पु0 के पद पर पदोननति प्राप्त होने पर पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सोनभद्र विजय शंकर मिश्रा द्वारा निरीक्षक ना0पु0 के पद पर प्रमोशन पाने वाले देवेन्द्र प्रताप सिंह एव शेषनाथ पाल के कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।



# प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा भक्तों ने चखा प्रसाद

**पड़री (मीरजापुर) ।** पहाड़ी ब्लाक में मां चंडिका मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं जीर्णोद्धार समारोह का समापन रविवार को किया गया। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य यजमान निखिलेश्वर मिश्र एवं मीरा देवी रहे। सात दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 81 विद्वान पंडितों ने धार्मिक अनुष्ठान कराया। विधि-विधान से मां चंडिका के साथ, हनुमानजी, शीतला माता, नवदुर्गा, शिव पार्वती, बारह ज्योतिर्लिंग, काल भैरव, सिंह वाहिनी की भव्य मूर्तियों की प्रतिष्ठापना की गई। इस मौके पर बेलवन गांव की प्रधान प्रिया दुबे, राजकुमार ओझा, गोपाल साहनी आदि रहे।जमालपुर के खड़ेहरा गांव स्थित शीतला माता धाम के स्थापना दिवस पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी देवी प्रसाद, पं. वेदप्रकाश, त्रिभुवन सिंह, पवन सिंह आदि रहे।



# पेयजल संकट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन

**लालगंज (मीरजापुर) ।** पेयजल संकट से जूझ रहे सुबांव गांव के ग्रामीणों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। लालगंज विकास खंड के सुबांव में विगत माह 17 अप्रैल को प्रदूषित पानी पीने के कारण कक्षा आठ की छात्रा मनीषा की मौत हो गई थी। इसके बाद सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस व सीएमओ ने गांव पहुंच कर हैंडपंप को सील कर दिया था। वहीं टैंकर से पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया था। अब टैंकर से पेयजल आपूर्ति माइनर तक तली में सिमट कर रह गया है। इसके चलते नदी, पोखरा आदि सूख गए हैं। इसके चलते पशु-पक्षियों को भी संकट का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार का दावा था कि हर हाल में पांच जून तक सभी नहरों के टेल तक पानी डाल कर जलस्तर दुरुस्त रखा जाएगा। मीरजापुर नहर प्रखंड की शिथिलता का परिणाम रहा कि टेल तक पानी पहुंचना तो दूर, अभी टेल से 15 किमी पहले अमोई माइनर में पानी तली में चल रहा है। इस क्षेत्र के पशुपालकों को जहां स्वयं के पानी की किल्लत हो



बंद होने के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पूर्व प्रधान भगवान दास के नेतृत्व में प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों में सरजू प्रसाद, जगननथ, रामरूची, मुकेश, उमाशंकर, कृष्ण गोपाल, राम निहोर, सरोज देवी, राहुल, आशा देवी आदि रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सेगांव में स्वच्छ पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है। उधर पटेहरा विकास खंड के दो तिहाई भूभाग को सिचित करने वाली मीरजापुर नहर प्रखंड की मड़िहान ब्रांच में पानी टेल से 15 किमी दूर अमोई गई है वहींपालतू पशु उनके लिए जी के जंजाल बन गए हैं। इस संबंध में मीरजापुर नहर प्रखंड के अवर अभियंता शाहनवाज खान ने बताया कि पांच से लेकर 10 मई तक मड़िहान ब्रांच को पानी चलना था। हालांकि अभी तक मड़िहान ब्रांच में पानी तली पकड़ कर चल रहा है, गेज बढ़ा तो टेल तक पानी पहुंचेगा। वर्जन मड़िहान ब्रांच के टेल पुरवा माइनर तक नहर चलवा कर तालाब भरवाने के लिए अधिशासी अभियंता मीरजापुर नहर प्रखंड को बोला गया है, जल्द ही पानी पहुंचेगा।

# गोशाला में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अदलहाट (मीरजापुर) ।** क्षेत्र के बरेंव गांव स्थित एक गोशाला में शनिवार की सुबह 26 वर्षीय राकेश गौड़ का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। स्वजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की छानबीन करने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के पिता जवाहिर गौड़ ने अज्ञात लोगों पर पुत्र की हत्या कर शव गौशाला में रखने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। बरेंव वापस आ गए। सुबह राकेश की पत्नी लक्ष्मी देवी मकान के पास स्थित गौशाला में पशुओं को चारा खिलाने के लिए गई तो देखा कि उसके पति का शव पड़ा है। उनके हाथ व चेहरे पर चोट के निशान है और कानों से खून निकल रहा है। यह देख वह शोर मचाने लगी। शोरगुल सुनकर घर के लोग भी पहुंच गए। वहां राकेश का शव देखा तो सभी हैरान हो गए। शव की स्थिति को देखकर लोगों ने उसकी हत्या की आशंका जताई। मृतक की पतनी लक्ष्मी



गांव निवासी राकेश गौड़ पुत्र जवाहिर गौड़ शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो स्वजन उसकी खोजबीन करने निकले लेकिन नहीं मिला। इसके बाद सभी घर देवी का आरोप है कि उनके पति की हत्या कर शव गौशाला में लाकर रख दिया गया है। मृतक को एक पुत्र एवं दो पुत्री है। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार तिवारी मौके पर पहुंच कर घटना के बारे में आसपास व स्वजन से पूछताछ की।

# गंगा तट पर गूंजे आस्था के स्वर, मां गंगा की आरती

**चुनार (मीरजापुर) ।** गंगा सप्तमी पर शनिवार को उत्तर वाहिनी नमामि गंगे सेवा समिति द्वारा मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर आरती उतारी गई। सुबह सवेरे गंगा तट पर मां गंगा की स्तुति और मंत्रोच्चार शुभारंभ पंडित शशिकांत मिश्रा, शिवकांत पाठक, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, शिवशंकर पांडेय व सुशील त्रिपाठी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने लोगों से गंगा को



के बीच माहौल भक्तिमय हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद द्वारा गंगा का अभिषेक किया गया और लोगों ने संकल्प लिया कि हम गंगा के प्रति मातृभाव रखेंगे और अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए इसे प्रदूषित नहीं होने देंगे। कार्यक्रम का सुरक्षित रखने की अपील की और गंगा तट पूर्ण स्वच्छ बनाए रखने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। इस दौरान रामविलास, मदन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, महेंद्र वर्मा, मनु साहनी, संतोष गुप्ता, संजय गिरी आदि थे।

# तीसरे प्रयास में जिदगी से ही हार गया बनारसी

**ओबरा।** बीपीएससी में दो बार लिखित परीक्षा देने के बाद भी सफलता न मिलने पर तीसरी बार बिहार के लखीसराय परीक्षा देने गया बनारसी परीक्षा से पूर्व ही जिदगी से हार गया। बनारसी चार भाइयों में सबसे छोटा था और पढ़ने लिखने में काफी होनहार था। ओबरा नगर के सेक्टर आठ निवासी बनारसी पुत्र कुशेश्वर सिंह मूल रूप से ग्राम जंदाहा थाना शेरपुर जिला वैशाली बिहार का रहने वाला था। वह अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता कुशेश्वर सिंह की मृत्यु 30 वर्ष पूर्व ही हो चुकी थी। उनकी माता शकुंतला देवी परियोजना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। बनारसी अपनी प्रारंभिक शिक्षा ओबरा इंटर कॉलेज एवं बी काम राजकीय सनतकोत्तार महाविद्यालय ओबरा से किया था। स्वजन ने बताया कि बनारसी अपने बडे॰ भाई कृष्णकांत सिंह के साथ सात मई को बिहार में आयोजित बीपीएससी की परीक्षा में शामिल होने के लिए लखीसराय गया था। बनारसी इसके पूर्व भी बीपीएससी की दो बार लिखित परीक्षा पास कर चुका था। इसके बाद भी उसे सफलता नहीं मिल सकी थी। वह



लखीसराय के आर लाल कालेज परीक्षा केंद्र पर बीपीएससी का परीक्षा दे रहा था, इसी दौरान बेहोश हो गया। विद्यालय के लोगों द्वारा उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बाहर उसके भाई कृष्णकांत को इसकी जानकारी उसकी मौत के लगभग डेढ़ घंटे बाद हुई तो वह भागकर विद्यालय में पहुंचे। ओबरा पुलिस ने लगभग ढाई बजे इसकी जानकारी उसके स्वजन को दी तो परिवार में कोहराम मच गया।

# कनहर की लागत कम करने के लिए हो रही कवायद

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** कनहर सिचाई परियोजना एक ओर अपनी लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही है, तो दूसरी ओर साढ़े चार दशक से लंबित इस परियोजना को लेकर योगी सरकार के मंत्री भी फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। सत्तर के दशक में शुरू हुई इस परियोजना की शुरुआती अनुमानित लागत करीब 29 करोड़ के सापेक्ष अब तक इस पर लगभग 22 सौ करोड़ रूपये व्यय किया जा चुका है। वर्तमान में 2239 करोड़ रुपये लागत वाली परियोजना पर करीब साल भर पूर्व 1550 करोड़ रुपये और व्यय होने की संभावना विभागीय अभियंताओं द्वारा जताई गई थी, किंतु दिन ब दिन परियोजना की लागत बढ़ते देख शीर्ष अधिकारियों ने पुनरीक्षण संबंधी फाइल के बिदुवार समीक्षा करने के बाद करीब छह माह पूर्व 1013 करोड़ रुपये का अनुमोदन कर पत्रावली बीते माह शासन को भेजी थी। उसे लेकर जलशक्ति मंत्री ने अब तक दो बार विभागीय अभियंताओं के साथ बैठक लिया। उन्होंने परियोजना की आवश्यकताओं एवं उसके औचित्य का जायजा लेने के लिए बीते एक मई को लेवल वन अभियंता डा. महेंद्र कुमार निगम को विशेष प्रतिनिधि के रूप में भेज स्थलीय रिपोर्ट तलब किया है। 45 साल से सुि.खियों में रही कनहर सिचाई परियोजना को दिसंबर 2023 के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर सिचाई महकमा 44 डिग्री तापमान में मुख्य बांध को पूर्ण करने में लगा हुआ है। परियोजना निर्माण को आड़े आ रही धन समस्या को लेकर विभागीय अभियंताओं की नींद बीते साल से ही उड़ी हुई है। 2020-21 वित्तीय वर्ष से परियोजना की लागत बढ़ाने के लिए पत्रावलियों का पुलिदा अमवार से लेकर लखनऊ तक चक्कर काट रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबि.क 29 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 1976 में शुरू हुई इस परियोजना पर अब तक स्वीकृत धनराशि 2239 करोड़ रूपये में से करीब 22 सौ करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। बावजूद इसके बीते साल 1550 करोड़ रूपये और खर्च होने की अंदेशा जताते हुए विभागीय अभियंताओं ने पुनरीक्षण लागत की भारी भरकम पत्रावली तैयार कर सचिवालय तक का चक्कर लगाया। करीब छह माह पूर्व पुनरीक्षण फाइल शासन में भेजने के पूर्व शीर्ष अभियंताओं ने फाइल की बिदुवार समीक्षा की। इसके पश्चात परियोजना की वर्तमान लागत 2239 करोड़ में 1013 करोड़ बढाने की संस्तुति के साथ (अनुमानित लागत 3252 करोड़ रूपये) की फाइल अनुमोदन के लिए शासन को भेजी। निर्माण खंड तीन के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि परियोजना की पुनरीक्षण संबंधी 3252 करोड़ रूपये की पत्रावली शासन में अनुमोदन के लिए लंबित पड़ी हुई है। अब तक इसको लेकर दो बैठक हो चुकी है। शासन के निर्देश पर बीते एक मई को लेवल वन डा. महेंद्र कुमार निगम ने परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया था। उनके द्वारा कुछ पत्रावली तलब किया गया था।

# मुंबई दे सकती है कोलकाता को झटका



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में सोमवार शाम प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम का सामना कोलकाता से होना है। दोनों ही टीम का प्रदर्शन इस सीजन बेहद शर्मनाक रहा है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम सबसे नीचले पायदान पर है तो वहीं श्रेयस अय्यर की टीम 9वें नंबर है। मुंबई की टीम ने अब तक 11 मैच खेलने के बाद दो जीत हासिल की है तो वहीं कोलकाता ने 10 मैच खेलने के बाद मजह 4 मुकाबले जीते हैं। रोहित की टीम यहां से बचे 3 मैच में जीत हासिल कर अंक तालिका में उपर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत कर सकती है। कोलकाता अपने बचे सारे मैच जीतकर प्लाआफ में बने रहने की तरफ देखेगी। 9 मई, सोमवार को होगा मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच ये मैच दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच यह मैच मुंबई के डी वाई पाटिल में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच ये मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच यह मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच इस मैच का टास मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।

# 'आबामेयांग, एडामा त्राओरे और फेरान टोरेस बार्सिलोना के लिए बहुत महत्वपूर्ण'

**नई दिल्ली।** फुटबाल के प्रतिष्ठित लीग ला लीगा में टाप क्लब के बीच टक्कर फैंस में जबरदस्त रोमांच पैदा करती है। इस वक्त टीम के टेबल पर नजर डाले तो यहां रियाल मैड्रिड, बार्सिलोना और सेविला का धमाल देखने को मिल रहा है। टाप की तीन टीमों में शामिल बार्सिलोना के खेल के ला लीगा के एम्बेस्डर लुईस गासिया प्रभावित है। उन्होंने कहा, इ्हां, मुझे लगता है कि ऑबामेयांग, एडामा त्राओरे, फेरान टोरेस और जावी का आगमन बार्सिलोना के लिये बहुत महत्वपूर्ण रहा है। सच यह है कि टीम ने कैसे भी अपनी पुरानी पहचान पाई है और युवा खिलाड़ी पेड्री, गावी और निको का क्लब की फिलोसॉफी के साथ चलना जारी है। आगे उनका कहना था, ठमुझे लगता है कि सेविला बनाम रियल मैड्रिड का खेल काफी महत्वपूर्ण था। रियल मैड्रिड ने दो गोल्स से वापसी की और जीत हासिल की। और मुझे लगता है कि इससे बार्सिलोना को समझ आ गया था कि वे टाइटल नहीं जीत सकते है। यह एक भावनात्मक झटका था। निश्चित तौर पर हमें खिलाड़ी चाहिये, झेवी को यह पता है, क्लब को यह पता है, हम आर्थिक कठिनाई से गुजर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि बड़ा क्लब काफी अच्छा काम कर रहा है।कोई चीज रातों-रात नहीं बदल सकती। चूंकि हमारे पास एक नये कोच है, इसलिये इसमें कुछ समय लगेगा। मुझे लगता है कि अगले साल बार्सिलोना टाइटल के लिये मुकाबला करेगा, हो सकता है कि उन्हें जीत नहीं मिले, क्योंकि इसमें समय लगता है। लेकिन मुझे लगता है कि नये खिलाडि.यों को उनकी भूमिकाओं के हिसाब से चुनना होगा, वे भूमिकाएं, जिन्हें हम मजबूत करना चाहते हैं, जो नई हैं, केवल उपलब्धता के कारण किसी को साइन नहीं किया जाएगा। मुझे लगता है कि हमें खास खिलाड़ियों को साइन करने की जरूरत है, जो क्लब को चाहिये। और मुझे विश्वास है कि क्लब इस पर काम कर रहा है।



# फ्रैंकफर्ट और रेंजर्स में होगा यूरोपा लीग का फाइनल

**फ्रैंकफर्ट।** आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट ने यूरोपा लीग में वेस्ट हैम को हराकर 42 वषरें में पहली बार किसी यूरोपीय टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फ्रैंकफर्ट फाइनल में स्काटलैंड के क्लब रेंजर्स से भिड़ेगा। सेमीफाइनल के दूसरे चरण में




फ्रैंकफर्ट ने वेस्ट हैम को 1-0 से हराया और इस तरह से कुल 3-2 के स्कोर से जीत दर्ज की। फ्रैंकफर्ट के लिए राफेल सांतोस बोरे माउरी ने 26वें मिनट में एंसगर कनैफ के पास पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत में निर्णायक साबित हुई। दूसरी तरफ रेंजर्स ने पहले चरण में 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे चरण में शानदार वापसी की तथा आरबी लिपजिग को 3-1 से पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया। फ्रैंकफर्ट इससे पहले 1980 में यूएफा कप के फाइनल में पहुंचा था। तब उसने हमवतन जर्मनी के क्लब बोरुसिया मोशेंग्लाबाख को हराकर खिताब जीता था। यूएफा कप की जगह ही बाद में यूरोपा लीग आयोजित की जाने लगी। वहीं, रेंजर्स 50 वषरें में पहले यूरोपीय खिताब की तलाश में है। इससे पहले उसने आखिरी बार 1972 में विनर्स कप जीता था। प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी के मैनेजर थामस टूशेल ने शुक्रवार को कहा कि चेल्सी के अधिग्रहण से ड्रेसिंग रूम पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, जाहिर है कि इसने टीम को प्रभावित किया है। इस फैसले का ड्रेसिंग रूम पर प्रभाव पड़ा है। प्रत्येक व्यक्ति के भविष्य की स्थिति स्पष्ट नहीं है क्योंकि इस बारे में कोई बात नहीं हो रही है। इसे बहाने के रूप में उपयोग नहीं करना महत्वपूर्ण है।

# भारत का धमाकेदार आगाज

**नई दिल्ली।** भारतीय दल ने बैंकाक में खेले जा रहे थामस कप फाइनल का आगाज जीत के साथ किया है। भारत ने शुरुआती टाई में जर्मनी की टीम को 5-0 से हराया है। ग्रुप सी के इस टाई में सबसे पहले भारत के युवा सेंसेशन लक्ष्य सेन ने अपना मैच जीता। हालांकि लक्ष्य मैच के शुरुआती पलों में पीछे थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड नंबर 64 मैक्स वीजकिर्चेन पर 21-16, 21-13 से हराकर, भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे मैच में भारत की चिराग शेट्टी और सात्विकसाईं राज रैंकिरेड्डी की जोड़ी को जर्मनी की जोड़ी राफे जान्सेन और मार्विन सीडल के सामने थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी है। पहला गेम हारने के बावजूद इस जोड़ी ने 21-15, 10-21, 21-13 से मैच जीतकर भारत की बढ़त को 2-0 का कर दिया। उसके बाद भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी अपने मैच जीतकर भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। उन्होंन काइ शेफर को हरा दिया। इस मैच को श्रीकांत ने 18-21, 21-9, 21-11 के स्कोरलाइन से अपने नाम किया। फिर टाई के चौथे मैच में, पहले गेम में भारतीय जोड़ी एम.आर. अर्जुन/ध्रुव कपिला को थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन दूसरे गेम को उन्होंने आसानी से जीत कर भारत का स्कोर 4-0 कर दिया। उन्होंने अपने विरोधियों को 25-23, 21-15 से हराया। एक अन्य मैच में भारत के एचएस प्रणय ने मैथियास किक्लिट्ज़ को सीधे गेम में 21-9, 21-9 से हराकर ग्रुप सी थामस कप के शुरुआती मैच में जर्मनी पर भारत को 5-0 से क्लीन स्वीप करा दिया।





# सबसे निचली पायदान पर काबिज मुंबई का केकेआर पर पलड़ा भारी

**मुंबई।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को यदि आइपीएल में अपनी धुंधली उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे जल्द से जल्द अदद संयोजन तलाश करके सोमवार को मुंबई इंडियंस से भिड़ना होगा, जो अंतिम पायदान पर होने के बावजूद बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगी शीर्षक्रम में कई संयोजन आजमाना और टीम में लगातार बदलाव करना इस सत्र में केकेआर को भारी पड़ा है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज लखनऊ सुपरजाइंट्स से 75 रन से करारी हार झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। दूसरी तरफ, प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम दूसरे नंबर की टीम गुजरात टाइटंस पर पांच रन की जीत के कारण बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में केकेआर को शनिवार को लखनऊ से बड़ी हार झेलनी पड़ी। उसके 11 मैचों में आठ अंक हैं। वह बाकी बचे तीन मैच में अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकती हैं, लेकिन इससे भी उसकी चौथे स्थान पर रहने की गारंटी नहीं दी जा सकती। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दोनों टीम यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक-दूसरे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेंगी। दोनों टीमों की निगाहें अब अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी रहेंगी। इन दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए मैचों में मुंबई ने 22 और केकेआर ने आठ मैच जीते हैं। मुंबई अपने इस रिकार्ड को अधिक बेहतर करने का प्रयास करेगी। मुंबई के लिए अच्छी बात यह है कि उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा और इशान किशन ने टाइटंस के खिलाफ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। केकेआर के खिलाफ वे अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की कोशिश करेंगे। रोहित भी मुंबई की तरफ से आइपीएल में 5000 रन पूरे करने से 88 रन दूर हैं और वह सोमवार को इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं। मुंबई के बल्लेबाज रोहित, किशन और सूर्यकुमार यादव जहां पावरप्ले का अच्छी तरह से उपयोग करने में माहिर हैं वहीं केकेआर पहले छह ओवरों में रन बनाने के लिए जूझ रहा है जिसे उसके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम हार का कारण मानते हैं। मैकुलम ने कहा, 'हम पावरप्ले में संघर्ष करते रहे हैं जो इस पूरे सत्र में हमारे लिए निराशाजनक रहा। पूरे टूर्नामेंट में बीच के ओवरों में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा और अंतिम ओवरों में भी हमने बुरा खेल नहीं दिखाया।'



# दिल्ली के खिलाफ चेन्नई का मुकाबल कब और कैसे उठाएं इस मैच का मजा



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में रविवार 8 मई को होने वाले डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होना है। चेनन्ई की टीम के लिए सीजन के प्लाआप की उम्मीद लगभग खत्म होती नजर आ रही है। टीम ने अब तक 10 में से महज 3 मुकाबले जीते हैं, वहीं दिल्ली ने इतने ही मैच खेलने के बाद 5 मुकाबले में जीत दर्ज की है चेन्नई के लिए यह सीजन अब तक बेहद उतार चढ़ाव भरा रहा है। सीजन के शुरू में महेंद्र सिंह धौनी ने कप्तानी जडेजा को सौपीं लेकिन लगातार हार के बाद टीम की कमान वापस धौनी को देने का फैसला लिया। टीम ने लागतार चार हार से शुरुआत करने के बाद पहली जीत हासिल की अगले मैच में हार मिली तो फिर जीत हासिल हुई। अब पिछले मैच में मिली हार ने टीम के प्लाआफ की उम्मीदों को झटका दिया। कब होगा में दिल्ली कैपिटल्स और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच यह मैच 8 मई, रविवार को होगा दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा दिल्ली कैपिटल्स और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच ये मैच दिल्ली कैपिटल्स और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच यह मैच मुंबई के डी वाई पाटिल में खेला जाएगा।दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच यह मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा दिल्ली कैपिटल्स और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच का टास दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।

# जितेश शर्मा को टी-20 विश्व कप 2022 के लिए रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर क्यों रखना चाहिए

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि जितेश शर्मा को टी-20 विश्व कप के लिए रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। आइपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे 28 वर्षीय जितेश ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ फिनिशर की अपनी भूमिका का अच्छा नमूना पेश करते हुए केवल 18 गेंदों में नाबाद 38 रन की पारी खेली थी। सहवाग ने कहा कि जितेश ने काफी प्रभावित किया। क्या हमें उन्हें आस्ट्रेलिया जाने वाली टी-20 विश्व कप टीम में भी शामिल करना चाहिए मैं इसलिए यह सवाल कर रहा हूं क्योंकि जो भी रन बनाता है, हम उसे विश्व कप के लिए संभावित खिलाडि.यों की श्रेणी में रखते हैं। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन्होंने मुझे अपने खेल से काफी प्रभावित किया।' उन्होंने कहा, 'यदि मुझे टीम का चयन करना होता, तो मैं उन्हें दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टी-20 विश्व कप (सितंबर-अक्टूबर में) के लिए आस्ट्रेलिया ले जाता।' इशान किशन, दिनेश कार्तिक और संजू सैमसन सहित कुछ खिलाड़ी रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं, लेकिन सहवाग ने जितेश को इन सभी से ऊपर रखा। सहवाग ने कहा, 'इशान विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, रिषभ पंत विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, रिद्धिमान साहा विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, लेकिन इन सभी में जिसने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह जितेश शर्मा हैं। वह बेखौफ बल्लेबाजी करते हैं और अपने शाट खेलते हैं। उन्हें पता होता है कि किस गेंद पर कवर पर शाट खेलना है और किसे मिड आफ और मिड आन पर खेलना है।' जितेश को उनके आधार मूल्य 20 लाख रुपये में खरीदा गया था। उन्होंने अब तक सात पारियों में 162 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 167.01 है। वह दो बार नाबाद रहे।



# चहल के पर्पल कैप पर मंडराया खतरा, केवल 1 विकेट पीछे है ये स्पिन गेंदबाज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में आइपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें प्वाइंट्स टेबल में नीचे तो पहली बार खेल रही दो टीमें टाप चार में बने हुए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 68 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में युजवेंद्र चहल का कब्जा है। उन्होंने 11 मैचों में अपने विकटों की संख्या को 22 कर लिया है। दूसरे नंबर पर आरसीबी के स्पिन गेंदबाज वानिंदू हसरंगा ने 21 विकटों के साथ जगह बना ली है। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ मैच में 5 विकेट हासिल किए। अब वे चहल से केवल एक विकेट पीछे हैं। उनके इस प्रदर्शन के बाद दिल्ली के स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। उनके अब 10 मैचों में 18 विकेट हैं। कगिसो रबाडा चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। गुजरात के खिलाफ मैच में 4 विकेट लेने वाले रबाडा चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। अब उनके खाते में 10 मैचों में 18 विकेट हैं। रबाडा के इस प्रदर्शन के बाद टी नटराजन 5वें नंबर पर खिसक गए हैं। उन्होंने 9 मैचों में ही 17 विकेट हासिल किए हैं। कोलकाता के गेंदबाज उमेश यादव छठे नंबर पर खिसक गए हैं।राजस्थान के खिलाफ मैच में 1 विकेट लेकर उन्होंने 10 मैचों में अपने विकटों की संख्या को 15 कर लिया है। 7वें नंबर पर गुजरात के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं जिनके खाते में 11 मैचों में 15 विकेट हैं। 8वें नंबर पर हैदराबाद के युवा सेंसेशन उमरान मलिक हैं जिनके खाते में 11 मैचों में 15 विकेट है। 9वें नंबर पर पिछले साल के पर्पल कैप होल्डर हर्षल पटेल ने एंट्री मारी है।




# राशिफल

**मेष-:**आपको रुका हुआ धन मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. घर में कुछ बदलाव आपको काफी भावुक कर सकते हैं, लेकिन जो आपके लिए खास हैं, उनके सामने आप अपनी भावनाओं का इजहार कर पाएंगे।

**वृष-:**आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा. आज आप अपने माता-पिता के साथ मंदिर जाने की योजना बना सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही परेशानियां आज खत्म हो सकती हैं।

**मिथुन-:**परिवार के लिए आज का दिन शुभ है। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। बहुत उत्साहित रहेंगे। साहसिक कार्य करने से बचें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क-:**आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा। अपने करीबी लोगों के सामने ऐसी बातें उठाने से बचें, जो उन्हें दुखी कर सकती हैं। प्रेम की दृष्टि से आज का दिन बेहद खास रहेगा।

**सिंह-:**आज का दिन लाभकारी रहेगा. आज आपके दोस्त आपके रुके हुए काम में आपकी मदद करेंगे। आज आपके शत्रु आपसे दूरी बनाए रखेंगे। आज आपको अपने किसी करीबी से खुशखबरी मिल सकती है।

**कन्या-:**आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं. जल्दबाजी में निर्णय न लें। व्यापार और व्यापार के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला-:**आपके घर से जुड़ा निवेश फायदेमंद रहेगा. यदि बातचीत और चर्चा आपके अनुसार नहीं है तो आप गुस्से में कड़वी बातें कह सकते हैं, जिसके बारे में आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-:**आज आपका दिन राहत भरा रहने वाला है. आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के शायरों के लिए आज का दिन बेहद अहम रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभा का पुरस्कार भी मिल सकता।

**धनु-:**आज का दिन नया काम शुरू करने के लिए शुभ समय है. परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद दूर कर आप अपने उद्देश्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। प्रिय व्यक्ति से मेल-मिलाप होगा।

**मकर-:**आज का दिन विशेष है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण कार्य करने की क्षमता देगा. यदि आप आय में वृद्धि के स्रोतों की तलाश कर रहे हैं, तो सुरक्षित आर्थिक परियोजनाओं में निवेश करें।

**कुंभ-:**आज भाग्य साथ देगा. ऑफिस में आज का काम इस राशि के बिजनेसमैन को ज्यादा फायदा देने वाला है। यदि आप कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं तो आज का दिन शुभ है। धन के साथ सुख आएगा।

**मीन-:**आज निर्णय न ले पाने के कारण नए कार्यों की शुरुआत करना आपके लिए शुभ नहीं है. आज आप रिश्ते में औपचारिकता बनाए रखेंगे, अन्यथा मनमुटाव होने की संभावना है। मनोबल से सभी कार्य पूर्ण होंगे।

## सम्पादकीय

### नए सीडीएस की नियुक्ति में जितनी देरी होगी, सैन्य सुधारों का काम उतना ही टलता जाएगा

देश के पहले चीफ आफ डिफेंस जनरल बिपिन रावत के असामयिक निधन को काफी समय गुजर गया। उनके स्थान पर सरकार ने अभी तक नए सीडीएस की नियुक्ति नहीं की है। इससे सामरिक सुधारों की रफ्तार और सैन्य एकीकरण की प्रक्रिया शिथिल पड़ गई है। वह भी तब जबकि रूस-यूक्रेन युद्ध और बदलते वैश्विक समीकरणों में यह और अधिक आवश्यक हो गया है। इसलिए सरकार को नए सीडीएस की नियुक्ति में विलंब नहीं करना चाहिए। हाल में सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए जनरल मनोज मुकंद नरवणे इस दायित्व के लिए उपयुक्त हो सकते हैं। उन्होंने लद्दाख में चीनी सेना का अतिक्रमण रोकने एवं उसे करारा जवाब देकर अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इसी प्रकार सैन्य कूटनीति में भी अपनी क्षमताएं सिद्ध कीं। ऐसे में अनुभव और क्षमता के लिहाज से वह एक कामयाब सीडीएस साबित हो सकते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने भविष्य के युद्धों में आर्थिक हितों पर आघात, बैंकिंग सिस्टम पर प्रतिबंध, सूचना प्रणाली पर साइबर हमलों, अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रभुत्व को युद्ध संचालन नीति के आवश्यक अंगों के रूप में नए सिरे से रेखांकित किया है। जिस प्रकार ड्रोन एवं मिसाइल के द्वारा महत्वपूर्ण संस्थानों तथा धीमी गति से चलने वाले बड़े आकार के टैंक, आर्टिलरी गन, हेलीकाप्टर, युद्धक विमानों, गोला बारूद, हथियारों, रसद आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सेवा पर आक्रमण द्वारा उन्हें निष्क्रिय किया गया, वह भी एक गंभीर चिंता का विषय है। अब यह निश्चित है कि भविष्य के युद्ध अतीत में लड़े गए युद्धों के अनुभवों और संरचनाओं के आधार पर नहीं लड़े जा सकते। भविष्य के युद्ध संचालन साइबर खतरों, अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानव रहित रोबोटिक प्रणाली और जैविक युद्ध के खिलाफ प्रतिरोध तथा त्वरित कार्रवाई हेतु क्षमता पर आधारित होंगे। हमारे समक्ष कहीं बड़ी चुनौतियां हैं। हिंद प्रशांत क्षेत्र, दक्षिण एशिया और पड़ोस में चीन की बढ़ती आक्रामक आर्थिक एवं विस्तारवादी गतिविधियों से उपजे प्रश्न भी नए सीडीएस के लिए विषम चुनौतियों से कम नहीं होंगे। चीन, पाकिस्तान और तालिबान का संभावित गठजोड़ भी हमारे सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चुनौती के रूप में उभरा है। सीडीएस के समक्ष सैन्य, नागरिक एवं सैन्य तकनीकी प्रयासों के एकीकरण और आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच एक सहजीवी संबंध बनाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच जुड़ाव एवं आधुनिक युद्ध संचालन प्रणाली को समयबद्ध तरीके से मूर्त रूप देने की जिम्मेदारी होगी। बेहतर होगा कि यह काम 2023 तक संपन्न हो जाए। सैन्य संचालन और निर्णायक बढ़त के लिए शक्तिशाली वायु सेना अति महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार सामुद्रिक खतरों से मुकाबला शक्तिशाली नौ सेना द्वारा ही संभव है। वहीं थल सेना को जमीन से प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करनी होगी। ऐसे में उनके बीच सही तालमेल जरूरी होगा। ऐसा एकीकरण सुनिश्चित करते हुए नए सीडीएस को तीनों सेनाओं की विशिष्टताओं और उनकी स्वायत्तता को भी अक्षुण्ण रखना होगा। संयुक्त थिएटर कमान का निर्माण सेना के युद्ध संचालन की एकीकरण प्रक्रिया का अति महत्वपूर्ण अंग है। अमेरिका, रूस और चीन जैसी दुनिया की प्रमुख सेनाओं ने संयुक्त थिएटर कमान और एकीकृत बैटल ग्रुप प्रणाली को पहले से ही अपना लिया है। चूंकि भारत ने इस आधुनिक युद्धक प्रणाली को अपनाने में देर कर दी है, इसलिए उसे अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी। संयुक्त थिएटर कमान के निर्माण से सेना की प्रभावशीलता में दूरगामी एवं बहुआयामी परिवर्तन होंगे। नए सीडीएस को यह भी देखना होगा कि सैन्य एकीकरण की यह प्रक्रिया सुरक्षा तंत्र का सुगम परिचालन करे। एकीकृत बैटल ग्रुप में एक ही कमांडर के अंतर्गत थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के आवश्यक संसाधन त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए उपलब्ध होंगे। भारत में जमीन पर दो से तीन इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड (आइटीसी), एक मैरीटाइम थिएटर कमांड (एमटीसी) और एक नेशनल इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस कमांड (एडीसी) हो सकती हैं। इनके अतिरिक्त साइबर, परमाणु, जैविक तथा अंतरिक्ष के मोर्चे पर संभावित खतरों से निपटने के लिए भी विशिष्ट एकीकृत कमान का गठन किया जाना आवश्यक है।

# परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तैयारी के साथ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भूला नहीं जाना चाहिए

जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाले परिसीमन आयोग ने जम्मू-कश्मीर के परिसीमन को लेकर अपनी अंतिम रिपोर्ट दे दी। इस रपट के अनुसार अब जम्मू-कश्मीर में 87 के बजाय 90 विधानसभा सीटें होंगी। इनमें 43 जम्मू क्षेत्र में और 47 सीटें कश्मीर में होंगी। इन सीटों में से अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटें आरक्षित की गई हैं। आयोग ने एक महिला सहित कश्मीर घाटी के दो विस्थापितों के मनोनयन की सिफारिश भी की है। इसी प्रकार पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के विस्थापितों के मनोनयन की भी सिफारिश की है, लेकिन उनकी संख्या स्पष्ट नहीं। जो भी हो, यह सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय भूभाग की 24 सीटों को खाली छोड़ा जाता रहा है। यह उचित अवसर था कि उस क्षेत्र से खदेड़े गए लोगों और उनके वंशजों के लिए 24 में से कम से कम आधी सीटें आवंटित कर दी जातीं। कश्मीर घाटी के साथ गुलाम कश्मीर के विस्थापितों के लिए सीटें आरक्षित करना इसलिए जरूरी था, क्योंकि इससे ही उनके दुख-दर्द, समस्याओं और मुद्दों की ओर देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित हो सकेगा। जम्मू-कश्मीर को लेकर गठित परिसीमन आयोग की रपट एक ऐसे समय सामने आई है, जब जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फोरम द्वारा जम्मू में श्रद्धांजलि एवं पुण्यभूमि स्मरण जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पीओजेके के विस्थापितों की ओर से अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदान का स्मरण करना है। इस कार्यक्रम का एक अन्य उद्देश्य पाकिस्तान, चीन और दुनिया को यह संदेश देना है कि प्रत्येक भारतीय पीओजेके के विस्थापितों के बलिदान और दुख-दर्द से अनजान नहीं है। पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के प्रमुख क्षेत्र मीरपुर, भिंबर, कोटली, पुलंदरी, रावलकोट, मुजफ्फराबाद, पुंछ, गिलगित और बाल्टिस्तान आदि हैं। मां शारदा पीठ, मां मंगला देवी मंदिर और गुरु




हरगोविंद सिंह गुरुद्वारा जैसे अनेक पवित्र स्थल भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में हैं। पीओजेके वासियों की भाषा, खान-पान, वेशभूषा और संस्कृति-प्रकृति पाकिस्तानी से अधिक भारतीय है। यह क्षेत्र न केवल भू-रणनीतिक दृष्टि से, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज वहां शिया मुसलमान बड़ी संख्या में बसते हैं। आजादी के समय हिंदू और सिख भी काफी संख्या में रहते थे। एक समय जितने अत्याचार हिंदू और सिखों पर हुए, लगभग उतने ही आज वहां के शिया मुसलामानों पर हो रहे हैं। इसके बारे में अमजद अयूब, शब्बीर चौधरी, जमील मकसूद, मंजूर अहमद पश्तीन, आरिफ अजाकिया, हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती, जफर चौधरी और जावेद राही जैसे साहसी लोग अलग-अलग मंचों से लगातार पीओजेके के पीड़ितों की आवाज मुखर कर रहे हैं। उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए। मानवाधिकारों का उल्लंघन, लोकतंत्र का पददलन, पाकिस्तानी सेना की देखरेख में फल-फूल रहे आतंकी संगठन और नशीले पदार्थों की खेती और तस्करी, पाकिस्तान के सिंधी-पंजाबी मुस्लिम समुदाय को बसाकर किए जा रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन, मंदिरों एवं गुरुद्वारों को ढहाने, मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने आदि के किस्से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का रोजनामचा हैं। यह सब सह रहे लोगों का अपराध यह है कि वे महाराजा हरी सिंह द्वारा हस्ताक्षरित 26 अक्टूबर, 1947 के अधिमिलन-पत्र के अनुसार भारतीय गणराज्य का हिस्सा होना चाहते हैं और सुख-शांति चाहते हैं, जो वहां कभी मयस्सर नहीं होगी। वर्तमान केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर समस्या के समाधान की दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। उसने पीओजेके विस्थापितों के प्रति पूरी संवेदनशीलता, सहानुभूति और सदाशयता दिखाते हुए दो हजार करोड़ रुपये के राहत पैकेज के साथ कुछ योजनाओं की शुरुआत की है, लेकिन इस राहत पैकेज में जम्मू-कश्मीर के बाहर बसे विस्थापितों को भी शामिल किया जाता तो बेहतर होता। ध्यान रहे कि जम्मू-कश्मीर की तत्कालीन सरकार की सांप्रदायिक नीति और उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण तमाम विस्थापितों को दूसरे राज्यों में शरण लेनी पड़ी। हालांकि कश्मीर घाटी के विस्थापितों के लिए भी पैकेज दिए गए हैं, लेकिन राहत योजनाओं का दायरा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 ऐसी ही एक उल्लेखनीय राहत योजना है। कश्मीर घाटी के विस्थापितों के लिए देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सरकारी सेवाओं में प्रवेश हेतु विशेष प्रविधान किए गए हैं। इसके दायरे में पीओजेके विस्थापितों को भी शामिल करने की आवश्यकता है। जिस भारत का नागरिक होने की वजह से पीओजेके से विस्थापितों के पूर्वजों को असहनीय अत्याचार और प्रताड़?ा सहनी पड़ी, उस भारत की सरकार और नागरिक समाज को एकजुट होकर उनके साथ खड़े होने और उनके आंसू पोंछने की जरूरत है। यहां बसने और काम-धंधा शुरू करने वाले देशवासियों को बसाने के लिए भूमि अधिगृहीत की जानी चाहिए। प्रवासी श्रमिकों और उद्यमियों के लिए सस्ते दाम पर आवासीय और व्यावसायिक भूखंड, आसान कर्ज, ब्याज दर में सब्सिडी, शस्त्र लाइसेंस और शस्त्र आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। ये लोग आतंकवाद से निपटने और खोई हुई भूमि को पाने में सेना और स्थानीय समाज के साथ प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। दहशतगर्दी के वर्चस्व को समाप्त करने की दिशा में ये उपाय प्रभावी साबित होंगे। आतंकवाद के शिकार निदोष नागरिकों को बलिदानी का दर्जा और उनके परिजनों को आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक सुरक्षा देकर आतंकवाद से निडरतापूर्वक लड़? वाला नागरिक समाज तैयार किया जा सकता है। सामाजिक संकल्प और संगठन के सामने मुट्ठी भर भाड़े के आतंकी भला कब तक ठहर पाएंगे वर्तमान केंद्र सरकार ने 22 फरवरी, 1994 के भारतीय संसद के संकल्प की पृष्ठभूमि में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निष्प्रभावी करते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय की दिशा में बड़ी पहल की। परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तैयारियों के बीच इस संकल्प की सिद्धि की दिशा में भी सक्रिय रहा जाना चाहिए।

# प्राथमिकता में हो महंगाई नियंत्रण, आवश्यक हो गया था रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप........

महंगाई की विकराल होती समस्या से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को मौद्रिक नीति की समीक्षा के पहले ही नीतिगत दरों में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। रिजर्व बैंक को जून में मौद्रिक नीति समीक्षा करनी थी और उसमें यही अनुमान लगाया जा रहा था कि केंद्रीय बैंक दरें बढ़ाएगा, लेकिन उसके पूर्व ही गत बुधवार को आरबीआइ ने रेपो रेट में 40 आधार अंकों की बढ़ोतरी की। इस बढ़ोतरी के बाद रेपो दर 4 प्रतिशत से बढ़कर 4.40 प्रतिशत हो गई। रेपो वह दर है जिस पर बैंक तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आरबीआइ से कर्ज लेते हैं। महंगाई बढ़ने पर आरबीआइ रेपो रेट को बढ़ा देता है। ब्याज की इस दर के बढ़ने से केंद्रीय बैंक से पैसा उधार लेना अधिक महंगा हो जाता है और अंततः बाजार में पैसे की तरलता यानी लिक्विडिटी कम होती है। रेपो दर के साथ ही आरबीआइ ने नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया। इस फैसले से बैंकों को अतिरिक्त राशि आरबीआइ के पास रखनी होगी। आरबीआइ वित्तीय तंत्र से तरलता निकालना चाहता हो तो वह सीआरआर रेट बढ़ा देता है। सीआरआर जमाकर्ताओं के पैसे का वह प्रतिशत है, जो वाणिज्यिक बैंकों को अनिवार्य रूप से रिजर्व बैंक के पास रखना होता है। सीआरआर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी से बैंकिंग तंत्र से 87,000 करोड़ रुपये निकल जाएंगे। रेपो दर जनवरी 2014 में 8 प्रतिशत के स्तर से कोरोना के चलते मई 2020 तक गिरकर 4 प्रतिशत हो गई थी, लगभग चार वर्षों में पहली बार इसे बढ़ाया गया है। इस फैसले को आर्थिक दृष्टि से सकारात्मक माना जा रहा है, क्योंकि इसका उद्देश्य उच्च




मुद्रास्फीतिक दबाव को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक वृद्धि को गति देना है। हालांकि इससे घर, वाहन और अन्य व्यक्तिगत एवं कारपोरेट ऋणों पर समान मासिक किस्त (ईएमआई) का बोझ भी बढ़ जाएगा। फिर भी यह कदम मुद्रास्फीति की उस दर पर लगाम लगाने में कुछ हद तक सहायक होगा, जो पिछले तीन महीनों से 6 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। साथ ही बैंक और एनबीएफसी जमा और छोटी बचत योजनाओं जैसे बचत उत्पादों पर रिटर्न से निश्चित आय वाले निवेशकों को फायदा होगा। चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में 100 आधार अंकों की बढ़ोतरी की उम्मीद है। यानी अभी रिजर्व बैंक के पास 60 आधार अंकों की बढ़ोतरी की गुंजाइश शेष है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी को काम दिया गया था कि 31 मार्च, 2026 तक खुदरा महंगाई को 2 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच रखे, किंतु ऐसा होता दिख नहीं रहा था। अब सवाल यह उठता है कि क्या महंगाई केवल इस कदम से नियंत्रण में आ जाएगी तो जवाब होगा कि उसके लिए और उपाय करने होंगे। केवल ब्याज दरें बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं। चूंकि महंगाई का मुद्दा राजनीतिक रूप से भी बहुत संवेदनशील है तो अब सरकार को भी कुछ कदम उठाने होंगे, क्योंकि रिजर्व बैंक तो अपना काम कर चुका है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण है तेल। फिर चाहे चाहे वह ईंधन हो या फिर खाद्य तेल, उन पर हमारी कमाई का पहले से कहीं ज्यादा हिस्सा खर्च हो रहा है। पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और वैट के रूप में कर 35 से 50 रुपये प्रति लीटर के करीब है। इसे कम किया जाए तो इससे इन उत्पादों के दाम नीचे आएंगे और फिर हर चीज के दाम पर उसका असर दिखना शुरू होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि वह पेट्रोलियम उत्पादों पर लगाए गए कर से प्राप्त राशि का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं में करती है। वैसे सरकार ये सब कार्य दूसरी मदों से भी पूरा कर सकती है, क्योंकि इस समय सरकार का कर राजस्व संग्रह अच्छी खासी स्थिति में है। मार्च में 1,42,095 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व सरकार को मिला। यह पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा था और पिछले साल यानी मार्च 2021 से तुलना करें तो जीएसटी वसूली में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल में तो यह आंकड़ा और बढ़कर 1,67,540 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। ऐसे में हालात यही मांग करते हैं कि पेट्रोलियम उत्पादों पर करों की दरों को तर्कसंगत बनाने के साथ-साथ जीएसटी की कुछ श्रेणियों में भी दरों को तार्किक बनाया जाए। इस मामले में राजस्व क्षति की भरपाई सरकार संपत्ति कर और कारपोरेट करों में वृद्धि के माध्यम से कर सकती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों को काबू में लाना सबसे जरूरी है। याद रहे कि महंगा भोजन आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। इतना ही नहीं, खाद्य उत्पादों या कच्चे माल की बढ़ी कीमतों से एफएमसीजी जैसे क्षेत्र दबाव में आ जाते हैं। इससे मांग प्रभावित हो जाती है। इसीलिए महंगाई पर स्थायी नियंत्रण के लिए कृषि उत्पादन पर ध्यान देना आवश्यक ही नहीं, अपितु अनिवार्य होता है। इसके लिए आवश्यक होगा कि कृषि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। कोविड के समय में कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र बना रहा, जिसकी वृद्धि नहीं थमी। अब डीजल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेजी के चलते कृषि लागत के बढ़ने की आशंका दिखती है। सरकार भी इससे भलीभांति अवगत है और उसने हाल में उर्वरक सब्सिडी को बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। प्रतीत होता है कि केवल इससे ही संकट टलने वाला नही। अभी लोगों को महंगाई की मार से कैसे बचाया जाए, फिलहाल यह सवाल हमारे लिए तात्कालिक महत्व का है। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, जो उन्हें गरीबी की ओर धकेलते हैं। उनके लिए अल्प मात्र में धन का वितरण भी ऐसी स्थिति में उपयोगी नहीं होता। इसीलिए महंगाई को नियंत्रित करना सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। कुल मिलाकर

# मुखर होती भारत की आवाज अपनी विशेषज्ञता से विदेश नीति को नए आयाम देते एस. जयशंकर

आजादी के बाद पहली बार है कि भारत शक्ति की भाषा बोलता दिख रहा है। फिर चाहे वह अमेरिका के साथ टू प्लुस टू वार्ता हो या फिर बीते दिनों नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलाग, अब वैश्विक विमर्श में भारत की आवाज मुखर हो रही है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सशक्त भारत के नए प्रतिनिधि बनकर उभरे हैं। टू प्लुस टू में उन्होंने जिस बेबाकी से मानवाधिकार के मुद्दे पर अमेरिका को आईना दिखाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। भारत को घेरने के लिए मानवाधिकार का मुद्दा छेड़ने वाले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को जयशंकर के बयान से रक्षात्मक होना पड़ा था। ऐसी भाषा हमें 1971 के युद्ध में मिली निर्णायक विजय के बाद भी बोलनी नहीं आई थी। विदेशियों से प्रशंसा की भूखी, हीनभावना से ग्रस्त हमारी विदेश नीति को घुटनों पर चलने की ऐसी आदत पड़ चुकी थी कि वह पाकिस्तान के दो खंड हो जाने के बाद भी अपने पैरों पर खड़ी न हो सकी। जो इलाका सैनिकों ने बलिदान देकर हासिल किया, उसे शिमला वार्ता में गंवा दिया गया। जिन्होंने 90 हजार से अधिक कैदियों को बिना शर्त छोड़ दिया, वे पाकिस्तान की जेलों में 1965 से सड़ रहे अपने 54 युद्धबंदियों को भी न छुड़वा सके। उन्होंने यह नहीं सोचा कि भारतीय सेना के अधिकार में आ गए सिंध के हिंदू बहुल जिलों को तब तक वापस नहीं किया जाएगा जब तक कि कश्मीर के मुद्दे का कोई समाधान



न निकल जाए। सेना के शौर्य पर इंदिरा गांधी की आत्मसमर्पण वाली विदेश नीति ने पानी फेर दिया। उससे पहले नेहरू-कृष्णा मेनन की विदेश नीति का भी एक दौर था। उसमें विश्व शांति और गुटनिरपेक्षता जैसी प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई थीं। अमेरिका-कनाडा से गेहूं मांगकर खाने वाला देश दुनिया की शांति का मसीहा बन रहा था। कश्मीर पर पाकिस्तानी आक्रमण चलता रहा, लेकिन नेहरू की प्राथमिकता कभी कश्मीर विजय नहीं रही। हम गांधीवादी-शांतिवादियों की सर्वत्र प्रशंसा हो, इसीलिए नेहरू ने आगे बढ़ रही भारतीय सेनाओं को रोककर संयुक्त राष्ट्र से युद्धविराम प्रस्ताव तैयार कराकर युद्धविराम का एलान किया। नेहरू की विदेश नीति का राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होना बड़ा स्पष्ट है। जबकि हमारा हित तो कश्मीर समस्या के निर्णायक समाधान में निहित था। यह समाधान पाकिस्तान को तोड़कर भविष्य में हमारी चुनौती ही न बनने देता। स्पष्ट नहीं है कि क्या नेहरू ब्रिटिश सरकार से किसी गुप्त समझौते से बंधे थे जो वह सायास ही पाकिस्तान की रक्षा करते रहे? यह प्रश्न अक्सर कौंधता है। कई पुस्तकें इस पहलू पर मंथन करती हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कश्मीर विवाद को ले जाना, युद्ध के दौरान पूर्वी पाकिस्तान को लक्ष्य बनाना तो दूर स्पर्श भी न करना, नेहरू-लियाकत पैक्ट द्वारा अल्पसंख्यकों को रोक लेना व पाकिस्तान के पक्ष में जल वितरण समझौता आदि ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने पाकिस्तान को सहयोग देकर उसे सशक्त किया। इससे नेहरू की विदेश नीति उन्हें कुछ तत्वों की दृष्टि में प्रशंसा दिलाती रही, लेकिन राष्ट्रीय हितों को उससे आघात पहुंचता रहा। नेहरूवाद राष्ट्रहित का विलोम बन गया। अब यह सब बदल गया है। राष्ट्रहित सवरेपरि है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राष्ट्रहित से कोई समझौता करना असंभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी 13 मई को मध्य प्रदेश की नई स्टार्ट-अप नीति का करेंगे शुभारंभ.........

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की स्टार्टअप नीति की विधिवत शुरुआत 13 मई को होगी। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी



13 मई को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्य प्रदेश की स्टार्टअप नीति और कार्यान्वयन योजना 2022 का आनलाइन माध?यम से शुभारंभ करेंगे। इसे लेकर बड़े आयोजन की योजना है। इसमें 500 स्टार्टअप संचालकों को आमंत्रित किया जाएगा। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी समारोह में मौजूद रहेंगे। मध्य प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार अपनी 'स्टार्टअप नीति और कार्यान्वयन योजना 2022' शुरू कर रही है। नई स्टार्टअप नीति में ऐसे बंदोबस्त किए गए हैं जिससे नए युवाओं के लिए स्टार्टअप शुरू करने के लिए आसान प्रक्रिया और सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यह स्टार्टअप नीति विशेष रूप से राज्य के युवाओं के उद्यमशीलता के विचारों को मजबूत करने और उसे अमल में लाने के लिए विकसित की गई है। शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राज्य भर में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। नीति की विशिष्टता के बारे में जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग के सचिव पी नरहरि ने कहा कि नई स्टार्टअप नीति पुरानी नीति से काफी अलग है। एमपी स्टार्टअप पालिसी 2022 में एक महत्वपूर्ण फीचर 'एमपी स्टार्टअप सेंटर' की अवधारणा भी जोड़ी गई है।

# पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की समय सारणी की गई निर्गत

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षिक वर्ष 2022-23 में शासन द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 व अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) में संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटा बेस तैयार करने, सत्यापन लॉक करने एवं छात्रों द्वारा आवेदन करने से लेकर वितरण तक की समस्त प्रक्रियागत कार्यवाही दो चरणों में पूर्ण की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की समय सारणी निर्गत की गई है। उन्होंने जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि शासन द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 9 व 10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 व अन्य दशमोत्तर कक्षाओं) में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को उक्त छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरने के लिए अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंच सके। उक्त राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी।

# मातृ दिवस पर भारत युवा परिषद ने मटके बाटे

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** भारत युवा परिषद संस्था ने मातृ दिवस पर लॉजिक और सुपरटेक सेक्टर 137 में मटके बांटे। भारत युवा परिषद के सदस्यों ने एक जागरूक अभियान चलाते हुए लोगों से अपील भी किया कि



आप लोग भटके का पानी ही पीजिए यह स्वास्थ्यवर्धक भी होता है। फ्रिज का पानी नुकसान देय होता है। संस्था की महिला सदस्यों ने लोगो को मटके का पानी पीने के लिए जागरूक किए और सैकड़ों महिलाओं को भटके वितरित किये।भटके का चलन बहुत प्राचीन है हम लोग आधुनिकता की आंधी में बहने के कारण अपनी प्राचीन संस्कृति परंपरा को भूलते जा रहे हैं। जिसका दुष्परिणाम यह होता रहा है कि आए दिन हम लोग किसी न किसी बीमारी की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। लोगो की सोच मे भी बहुत दिखावापन आ गया है। मटके प्रयोग करने वालों को लोग गरीब समझ लेते है। लोग दिखावा के कारण घरों मे मटका रखने से परहेज करते हैं। लेकिन इसी कडी मे भारत युवा परिषद जब गर्मी शुरू होती है तो हर बर्ष सैकड़ों लोगों को मटका देते है और उसकी विशेषता भी बताते हैं।आज सेक्टर 137 मे मटका वितरित करने वालों में दिनेश भाटी जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा,विक्रम भाटी जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा,तेजवीर सिंह भाटी,आदेश त्यागी,श्रीमती संतोष सिह अध्यक्ष (शहीद भगत सिंह भाजपा महिला मोर्चा मंडल),डा हेमा सहगल (महिला अध्यक्ष ),सूरज पाल,श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईट भटठा स्वामी निर्धारित अवधि में देय विनिमयन शुल्क, आवेदन शुल्क एवं पलोथन शुल्क धनराशि 31 मई तक कराये जमा

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी खनन गौतमबुद्धनगर वंदिता श्रीवास्तव ने सर्व साधारण का आहवान करते हुये जानकारी दी है कि मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये मानकों के अनुसार जनपद गौतमबुद्धनगर में ईट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। अतः जनपद में संचालित समस्त ईट भटठा स्वामियों को सूचित किया जाता है कि शासन के द्वारा दिये गये निर्देशों तथा ईट भटठा सत्र 2021-22 (01 अक्टूबर 2021 से 30 सितम्बर 2022 तक) के लिए पायों की संख्या के आधार पर निर्धारित देय विनियमन शुल्क, आवेदन शुल्क तथा ईट बनाने के काम आने वाली पलोथन मिटटी की धनराशि जो विनियमन शुल्क की 10 प्रतिशत निर्धारित है। उक्त समस्त देय धनराशि शासन द्वारा दी गयी स्वीकृति के अनुसार बिना ब्याज दिनांक 31.05.2022 तक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के लेखाशीर्षक 0853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-102 खनिज रियायत शुल्क किराया और स्वत्व शुल्क में अग्रिम रूप से आनलाईन/ आफलाईन प्रत्येक दशा में जमा कराना सुनिश्चित करें। यदि जनपद में संचालित ईट भटठा स्वामियों द्वारा निर्धारित अवधि में देय विनिमयन शुल्क, आवेदन शुल्क एवं पलोथन शुल्क धनराशि जमा नहीं किया जाता है तो निर्धारित ब्याज की दर के अनुसार देय धनराशि भू-राजस्व की भाँति वसूल की जायेगी। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी।

### शोहरत गढ विधायक विनय शर्मा का नोएडा प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (नोएडा) के द्वारा नोएडा निवासी विनय वर्मा विधायक शोहरतगढ़ (उत्तर प्रदेश सरकार) से विधायक बनने के बाद उनका नोएडा मे प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नोएडा द्वारा उनका भव्य स्वागत एवम सम्मान आज दोपहर 3:00 बजे सेक्टर 22 शिवम मार्केट प्ज्ञ् पेट्रोल पंप के सामने अमित अग्रवाल उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल) के कार्यालय पर किया गया। इसमें सुधीर पोरवाल , अमित अग्रवाल, जीव गोयल ,फूल सिंह यादव , नरेश बंसल संजय जैन , मनोज गुप्ता विक्रम सेठी , अमित पोरवाल , सुनील वर्मा, तनवीर , भारती नेगी, आशा पोदार, वंदना शर्मा, अंजू चौहान, पूनम चौहान, मीना गौतम, पूजा अवाना, मधु, सरिता चंद्र, एवम व्यापार मंडल के समस्त कार्यकारणी ने उनका स्वागत किया। जिसमे विनय वर्मा ने समस्त व्यापारी साथियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# केंद्र सरकार के अफसर ने बताई खास बात

**नई दिल्ली।** बुलेट ट्रेन भले ही तय लक्ष्य से पीछे रह गई हो, लेकिन रैपिड ट्रेन पूरी रफ्तार पर है। मार्च



2023 से परिचालन के निर्धारित शेड्यूल को देखते हुए साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किमी ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा होने को है तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रीय परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को पहला ट्रेनसेट भी मिल गया है। ऐसे में अब कब तक शुरू होगा इस रूट पर ट्रायल, क्या होगा रैपिड ट्रेन का किराया, दिल्ली मेरठ के बाद अगला कारिडोर कौन सा रहेगा, ऐसे ही कुछ सवालों को लेकर संजीव गुप्ता ने केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी से बातचीत की। ज्ञात हो कि जोशी एनसीआरटीसी के अध्यक्ष भी हैं। प्रस्तुत हैं उनसे हुई बातचीत के मुख्य अंश सप्ताह भर में यह ट्रेन सेट दुहाई डिपो पहुंच जाएगा। वहां पर इसकी असेंबलिंग और सुरक्षा जांच का कार्य पूरा होगा। साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी के ट्रैक का काम भी अंतिम चरण में है। कुछ महीने में इसका ट्रायल रन शुरू हो जाएगा और कुछ अन्य ट्रेन सेट भी आ जाएंगे। हमारी पूरी कोशिश है कि तय शेडयूल यानी मार्च 2023 तक इस प्राथमिकता खंड पर ट्रेन का परिचालन शुरू कर दिया जाए। वंदे भारत सैकड़ों किमी की दूरी तय करने के लिए डिजाइन की गई हैं और मेट्रो छोटी दूरी के लिए है। रैपिड ट्रेन इन दोनों के बीच की ट्रेन कही जा सकती है। यह पूरी तरह मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट पर आधारित है। ट्रेन के करीब 18 प्रतिशत पार्ट्स जो विदेश से मंगाए जा रहे हैं, उन्हें भी यहीं असेंबल किया जा रहा है। इन अल्ट्रा माडर्न रैपिड ट्रेनों को हैदराबाद में डिजाइन किया गया है और ट्रेन सेट गुजरात के सावली में बनाए जा रहे हैं। निस्संदेह दिल्ली-अलवर कारिडोर।

# आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह एवं जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिशन्र आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल द्वारा दिल्ली गौतमबुद्ध नगर बॉर्डर पर रोड़ चेकिंग में एक वाहन ई-रिक्शा संख्या-1460 से कुल 22 बोतल अवैध विदेशी मदिरा दिल्ली राज्य में विक्री के लिए अनुमन्य बरामद हुई और 2 अभियुक्त राजू शर्मा पुत्र अशोक शर्मा व वीरेंन्द्र सिंह निवासी कृपाल सिंह को गिरफ्तार कर थाना सेक्टर 24 नोएडा में अभियोग पंजीकृत कराते हुये जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी।



# सेक्टर 75 के लोग बिल्डर एवं नोएडा प्राधिकरण की उदासीनता के कारण बदहाल जिन्दगी जीने को मजबूर

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** आज नोएडा मीडिया क्लब, सैक्टर- 29 में एक प्रेस वार्ता सेक्टर 75 के निवासियों ने आयोजित की।जिसमे बताया कि नोएडा सैक्टर 75 के निवासी अनेक समस्याओं से जूझ रहें हैं । यंहा पर मूलभूत सुविधाओं ( स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी, कम क्षमता की सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट का जलना, बच्चों के खेलने के लिए पार्क और बड़ों को वॉक के लिए पार्कों का न होना) का पूर्ण अभाव है । नोएडा अथॉरिटी का कहना कि यह सैक्टर एम्स गार्डेनियाया कॉन्सोर्शियम को दिया गया है जिनको इसका विकास करना हैं नोएडा औथोरिटी के सौतेले व्यवहार और बिल्डर कॉन्सोशियम के उदासीन रवैए से सैक्टर की पूर्ण दुर्दशा हो गयी है । बिल्डर कॉन्सोर्शियम को नोएडा अथॉरिटी द्वारा लीज डीड की शर्तो के अनुसार एक समय सीमा में सैक्टर में लोंगों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास करना था जो अब तक नहीं किया गया हैं । नोएडा अथॉरिटी को बिल्डर कॉन्सोशियम की लीज डीड रद्द कर सब सुविधाओं का विकास करना चाहिए और बिल्डर कॉन्सोर्शियम से खर्च की वसूली करनी चाहिए। गोल्फ एवेन्यू प्लॉट 02 और 03 प्लॉट और गोल्फ सिटी प्लॉट नंबर 9 और प्लॉट नंबर 11 के बिल्डर द्वारा फ्लैट की रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है और बिना इन्वाइस के वैट, जीएसटी आदि के नाम पर अवैध बसूली की जा रही है । यह सब वैट विभाग, जीएसटी और नोएडा अथॉरिटी के लापरवाही पूर्ण और लचर रवैये के कारण हो रहा है । बिल्डर द्वारा कई प्लॉट पर नक्शे/ अनुमोदन से अधिक निर्माण कराया गया है लेकिन नोएडा अथॉरिटी मुकदर्शक बनी हुई है । इससे यह साफ तौर पर जाहिर होता है कि इसमें नोएडा प्राधिकरण की मिलीभगत हो सकती हैं।



# ओडिशा पहुंचेगा 'असानी' चक्रवात, भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी से उठा 'असानी' चक्रवात के अगले 24 घंटे में ओडिशा समुद्र तट पहुंचने की बात कही जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात का असर ओडिशा व आंध्र प्रदेश के साथ झारखंड, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेशों में रहेगा। इस दौरान कई इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त पीके जेना



ने बताया कि चक्रवात 'आसनी' वर्तमान में दक्षिण पूर्व अंडमान में है जो उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। 10 मई तक उसी दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है। बाद में, यह विशेष रूप से ओडिशा के समानांतर आगे बढ़ेगा। 11 मई शाम तक पुरी के दक्षिण में पहुँचेगा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यह चक्रवात ओडिशा में स्थल भाग से नहीं टकराएगा। हालांकि, चक्रवात के प्रभाव की आशंका को देखते हुए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 10, 11 और 12 मई को तटीय ओडिशा में तेज हवा के साथ भारी बारिश की आशंका को देखते हुए सभी बंदरगाहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही नौ से 11 मई तक मछुआरों को समुद्र की ओर नहीं जाने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, चक्रवात के प्रभाव से नौ मई से ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में सागर अशांत रहेगा। वहीं, 10 मई शाम को हल्की बारिश होगी। हालांकि, इस दौरान ओडिशा के गजपति, गंजाम एवं पुरी जिले में भारी बारिश होने की संभावना है। 11 मई को गंजाम, खुर्दा, पुरी, जगतसिंहपुर एवं कटक जिले में भी भारी बारिश होगी। इसी तरह 12 मई को पुरी, जगतसिंहपुर, कटक, केंद्रापड़ा, भद्रक, बालेश्वर जिले में भारी बारिश होगी। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ उमाशंकर दास ने बताया कि असानी वर्तमान समय में 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर दिशा में गति कर रहा है। वर्तमान समय में चक्रवात पुरी से दक्षिण-पूर्व दिशा में 1020 किलोमीटर और विशाखापट्टनम से दक्षिण-पूर्व दिशा में 970 किलोमीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि 10 मई की शाम तक यह उत्तर आंध्र प्रदेश और ओडिशा के पास समुद्र तक पहुंचेगा, हालांकि यहां से रिकर्व कर उत्तर-उत्तर पूर्व की दिशा में आगे बढ़ जाएगा। उत्तर-उत्तर पूर्व दिशा में असानी के आगे बढ़ने की संभावना प्रबल है। दास के अनुसार चक्रवात असानी के प्रभाव से समुद्र में इस समय 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। रुक-रुककर इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर तक पहुंच जा रही है।

# दिल्ली बार काउंसिल चुनाव में एनरॉलमेंट कमेटी के चैयरमेन बनने पर सपा ने राजपाल कसाना का किया स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 41 एडवोकेट राजपाल कसाना को दिल्ली बार काउंसिल के चुनाव में एनरॉलमेंट कमेटी का निर्विरोध चेयरमैन नियुक्त होने पर उनके निवास पर सपा के



वरिष्ठ नेता जयकरण चौधरी व नोएडा ग्रामीण के महासचिव राघवेंद्र दुबे ने सपा नेताओं के साथ फूलमालाओं व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। राजपाल कसाना ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सपा महासचिव राघवेंद्र दुबे ने कहा कि दिल्ली बार काउंसिल में एनरॉलमेंट कमेटी का महत्वपूर्ण कार्य होता है। कमेटी का चैयरमेन निर्विरोध नियुक्त होना हम सभी के लिए हर्ष की बात है। हमें पूर्ण विश्वास है कि राजपाल कसाना अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ करेंगे। इस अवसर पर चौधरी जयकरण,ओमपाल राणा, बबलू चौहान, एडवोकेट नीतीश बैसोया,देवेंद्र गुर्जर, एडवोकेट राहुल, एडवोकेट अनुज राणा, एडवोकेट कपिल बैसोया, जितेंद्र शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नोएड़ा महानगर काँग्रेस के पूर्व महासचिव का जन्मदिन मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के सदस्य सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में काँग्रेस के समर्पित निष्ठावान पूर्व महासचिव महानगर काँग्रेस कमेटी




दयाशंकर पांडेय का 40 वा जन्मदिन हरौला स्थित महानगर काँग्रेस कमेटी के सचिव जीतू शर्मा के आवास पर केक काटकर एव पगड़ी पहनाकर बड़ी धूमधाम से काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने जन्मदिन मनाया,इस अवसर पर मुख्यरूप से उपस्थित प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के चैयरमेन लियाकत चौधरी ने बधाई देते हुये कहा है कि दया शंकर पांडेय जैसे समर्पित कार्यकर्ताओ की काँग्रेस पार्टी को जरूरत है हम सभी इनकी भगवान से दीर्घायु की कामना करते है,काँग्रेस नेता यतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ता एक साथ मिलकर अपने साथी का उत्साहवर्धन करता है तो कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ता है हम सभी कार्यकर्ता दयाशंकर पांडेय जी की भगवान से दीर्घायु की कामना करते है,इस अवसर पर प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा,प्रदेश सदस्य लियाकत चौधरी,नेता काँग्रेस इंदरजीत तिवारी,कांग्रेस नेता यतेन्द्र शर्मा,सचिव जीतू शर्मा, वीरेन्द्र सिंह,राजा,अजय कुमार उपस्थित रहे।

# लगातार तीन वर्ष से ब्योहारी की जन सेवा करने वाले अमित मिश्रा अब होगे जयसिंह नगर के तहसीलदार

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।** ब्योहारी के तहसीलदार अमित मिश्रा का स्थानांतरण तहसील जयसिंह नगर हो चुका है।अमित मिश्रा पिछले तीन वर्षो से ब्योहारी की जनता की सेवा करते



हुए राजस्व न्यायालय की संभाग कि वर्ष 2021की रैंकिंग में पहले स्थान पर 85.7ज्ञ डिस्पोजल के साथ ब्यौहारी कोर्ट का वृत्त खांड इसके अलावा ब्यौहारी का ही वृत्त पपौध साथ टॉप टेन में रहा। इसके अलावा वर्ष 2020में भी ये दोनों कोर्ट लगातार संभाग में टॉप पर रहे है ,सीमांकन प्रकरण डिस्पोजल में बुड़वा, पपौध को श्री मा न सत्येंद्र सिंह तत्कालीन कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हो चुका है। मंडी प्रशासक रहते हुए अमित मिश्रा ने वर्ष में रिकॉर्ड कार्यवाही करते हुए700क्विंटल से ज्यादा धान जब्त की एवम चार लाख सेज्यादा का जुर्माना वसूल किया।खाद्य विभाग हो या माइनिंग की कार्यवाही हो सभी में आगे रहे।24/03/2022 को शहरगढ़ स्थिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय से अतिक्रमन हटाते हुए मौके से खाली कराया गया एवम बच्चो के खेल मैदान को समतल कराया गया। नायब तहसीलदार अमित मिश्रा की अगुआई में वर्षो से किया गया अतिक्रमण हटा शिक्षको के द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध शिकायते की जा रही थी मवेशियों का जमावड़ा होने से बच्चो को आने जाने में दिक्कत होती थी ।इसके अलावा कुमिहा रामपुरवा से शमसान का अतिक्रमण हो या पापौध तिराहा का अतिक्रमण हो।ब्योहारी का बाजार का अतिक्रमण एवम वन विहार ढाबा हटाए अतिक्रमन हटाने में भी महत्व पूर्ण भूमिका रही।कोरोना काल में जब प्रदेश की राजधानी कोरोना के चपेट में थी महामारी में भोपाल की जनता की सेवा के लिए विशेष रूप से नियुक्ति की गई या ऑक्सीजन व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने हेतु सिंगरौली में दिन रात जागकर जन सेवा हमेशा ही तत्पर रहे।

# शाहीन बाग में कार्रवाई को लेकर लालू के लाल की भी एंट्री.......

**नई दिल्ली।** अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ दक्षिण दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में एउश्ण् की कार्रवाई के विरोध का दायर बढ़ता जा रहा है। कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया ने शाहीन बाग में बुलडोजर चलाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी। वहीं, इस बीच बिहार के दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शाहीन बाग में अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ चल रही कार्रवाई को लेकर कहा है कि दिल्ली में 80 फीसद अवैध निर्माण है, तो क्या सभी पर बुलडोजर चलेगा। समाचार एजेंसी एएनआइ से बातचीत में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने





कहा कि देश में चर्चा बुलडोजर और लाउडस्पीकर पर की जा रही है, ये मुद्दा नहीं है। एक एजेंसी की रिपोर्ट है कि दिल्ली में लगभग 80-90 प्रतिशत निर्माण अवैध हैं तो क्या पूरी दिल्ली पर बुलडोजर चलाया जाएगा। बेरोजगारी और महंगाई से ध्यान हटाने के लिए ये सब हो रहा है। वहीं इससे पहले शाहीन बाग इलाके में सोमवार सुबह 11 बजे से अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ चली कार्रवाई के दौरान दक्षिण दिल्ली नगर निगम कई जगहों से अतिक्रमण हटाया। एउश्ण् के बुलडोजर से इलाके में अतिक्रमण हटाने के दौरान शाहीन बाग में एमसीडी के खिलाफ प्रदर्शन भी शुरू हो गया और इसमें स्थानीय लोगों के शामिल होने के लिए ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान भी पहुंच गए।

# अक्षय कुमार ने मजबूरी में की थी द कश्मीर फाइल्स की तारीफ'- डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री का खिलाड़ी कुमार पर आरोप

**नई दिल्ली।** विवेक अगिन्होत्री की द कश्मीर फाइल्स साल 2022 की सुपरहिट फिल्मों में से हैं। 'फिल्म की कहानी 1990 के दशक के कश्मीरी पंडितों के पलायन पर





आधारित है। फिल्म दबे पांव सिनेमाघरों में रिलीज हुई, पहले दिन का कलेक्शन भी कुछ खास नहीं रहा था। पर जैसे जैसे फिल्म की वर्ल्ड टू माउथ पब्लिसिटी होने लगी, टिकट खिड़की पर भीड़ भी बढ़ने लगी। द कश्मीर फाइल्स ने बॉलीवुड को दो भाग में बांट दिया था। उस वक्त भी सुपरस्टार अक्षय कुमार ने फिल्म की तारीफ की थी, जिस पर डायरेक्टर विवेक अगिन्होत्री ने वीडियो शेयर कर उनका शुक्रिया भी कहा था। पर अब उन्ही विवेक अगिन्होत्री ने अक्षय कुमार पर आरोप लगाया है। विवेक अगिन्होत्री ने हाल में आरजे रौनक के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें फिल्म के लिए बॉलीवुड से सपोर्ट नहीं मिला। विवेक ने आगे कहा कि अक्षय कुमार की 'बच्चन पांडे' फ्लॉप हो गई थी जिसकी वजह से उन्हें मजबूरी में 'द कश्मीर फाइल्स' की तारीफ करनी पड़ी। इस दौरान आरजे रौनक कहते हैं, 'बॉलीवुड के सारे लोगों ने आपकी फिल्म की सराहना की है।' तब विवेक अगिन्होत्री ने कहा, 'जैसेष्ठ जैसे नाम बताओ।' आगे आरजे रौनक ने कहा, 'अक्षय कुमार ने तारीफ की थी।' विवेक जवाब देते हैं, 'वो तो मजबूरी में, क्या बोलेगा आदमी जब सौ लोग सामने खड़े होकर सवाल पूछेंगे कि कश्मीर फाइल्स चली आपकी फिल्म नहीं चली। मैं एक फंक्शन में था भोपाल में, तो उन्हें बोलना पड़ गया।' विवेक बताते है कि 'पीछे कोई तारीफ नहीं करता, ना ही किसी ने मैसेज करके उनकी तारीफ की। हो क्या रहा था कि वो अपनी फिल्म का प्रचार करने के लिए जाते थे और मीडिया के लोग कश्मीर फाइल्स पर सवाल पूछते थे तो उन्हें जवाब देना पड़ जाता था।'

# रणबीर कपूर ने किया खुलासा


**नई दिल्ली।** शनिवार को रणबीर कपूर, अभिषेक बच्चन, कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन और शूजीत सरकार के साथ दुबई



रवाना हुए थे, जहां वो संयक्त अरब अमीरात यूनाइटेड के खिलाफ सेलिब्रिटी फुटबॉल कप 2022 में भाग लेंगे। इसी बीच दुबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो रणबीर कपूर अपने लकी नंबर 8 के बारे में बात करते हुए दिख रहे हैं और बता रहे हैं कि, नंबर 8 ही क्यों उनका लकी नंबर है। वहीं, 8 उनका जर्सी नंबर भी है। अभिनेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने लकी नंबर के बारे में बात करते हुए कहा, नंबर 8 के साथ एक अजीब से आकर्षण है, क्योंकि 8 जुलाई को उनकी मां का जन्मदिन है और उन्होंने आगे कहा, ये नंबर जिस तरह से दिखता है, जब इसको हॉरिजेंटल करते हैं। तो ये अनंत (इन्फिनिटी) की तरह दिखता है। बता दें, पिछले महीने उन्होंने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रंड आलिया भट्ट से परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी रचाई थी। उस दौरान कई मीडिया रिपोर्ट में आलिया की ज्वैलरी में नंबर 8 होने का दावा किया गया था। वहीं, बात अगर रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल बैक-टू-बैक कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। वो जल्द ही अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर सुपरपावर शिवा के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट के अलावा अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं।

# 100 दिन बाद हॉस्पिटल से घर आई प्रियंका-निक की नन्ही परी, एक्ट्रेस ने दिखाई बेटी की पहली झलक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय करना वाली प्रियंका चोपड़ा हाल ही में मां बनी। मदर्स डे के मौके पर उन्होंने फैंस





के साथ अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा की पहली तस्वीर साझा की। साथ ही बताया कि प्रियंका ने बेटी को पहली बार गले लगाया है। 8 मई को प्रियंका और निक ने अपनी लाडली की पहली झलक दिखाई। निक और प्रियंका ने बताया कि कैसे उनकी बच्ची पिछले 100 दिनों से ज्यादा तक अस्पताल में रहने के बाद पहली बार घर आई है। तो वही फोटो की बात करें तो निक और प्रियंका ने निक और प्रियंका इसमें साथ बैठे हैं। प्रियंका की गोद में उनकी बेटी मालती है, जिसे उन्होंने सीने से लगाया हुआ है। हालांकि फोटो में बच्ची के चेहरे को निक और प्रियंका ने एक इमोजी से ढका हुआ है। प्रियंका ने अपनी बच्ची को गले लगा रखा है और निक बड़े प्यार से अपनी बेटी को निहार रहे हैं। प्रियंका ने फोटो शेयर करते हुए मां बनने के एहसास को फैंस के साथ शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि इस मदर्स डे के मौके पर मैं आपको बताना चाहती हूं कि हम पिछले कुछ महीनों से एक रोलर कोस्टर राइड पर बैठे हैं। हमें पता है कि और भी लोगों ने इस तरह का अनुभव किया होगा। एनआईसीयू में 100 से ज्यादा दिनों के बाद, हमारी नन्ही परी आखिरकार घर आ गई है। हर परिवार का सफर अलग होता है और उसमें विश्वास की जरूरत होती है। हमारे पिछले कुछ महीने चैलेंज से भरे थे। प्रियंका चोपड़ा ने आगे लिखा, 'अब एक बात साफ हो गई है कि हर पल परफेक्ट और कीमती है। हम बेहद खुश हैं कि हमारी बच्ची आखिरकार घर आ गई है. हम लॉस एंजेलिस के अस्पताल के हर डॉक्टर, नर्स और स्पेशलिस्ट को शुक्रिया कहना चाहते हैं, जिन्होंने निस्वार्थ होकर हमारी मदद की। हमारी जिंदगी का अगला चैप्टर अब शुरू हुआ है। मम्मी और डैडी तुमसे बहुत प्यार करते हैं।

# माही विज को कार एक्सीडेंट के बाद मिली मोलेस्ट करने की धमकी, वीडियो शेयर कर अभिनेत्री ने मांगी मदद

**नई दिल्ली।** टीवी जगत की जानी मानी एक्ट्रेस और अभिनेता जय भानुशाली की पतनी माही विज ने सोशल मीडिया पर एक चौंका देने वाला वीडियो शेयर किया है। वीडियो के साथ माही ने बताया कि बीते दिन एक अजनबी ने उनकी कार को टक्कर मार दी और फिर उनके साथ बदसलूकी करने लगा। यहां तक कि उसने एक्ट्रेस को मोलेस्ट करने तक की धमकी दे डाली। माही विज ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर इस घटना का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने उस अंजान व्यक्ति की कार का नंबर रिकॉर्ड कर शेयर किया है। वीडियो में एक औरत और आदमी को मराठी में बात करते हुए भी सुना जा सकता है। वीडियो को ट्वीट करते हुए माही ने लिखा, 'इस शख्स ने मेरी कार को टक्कर मारी मेरे साथ गाली-गलौज भी की और मुझे मोलेस्ट करने तक की धमकी दी। उसकी पतनी भी आक्रामक हो गई



और उसने अपने पति से कहा छोड़ दे इसको।एक्ट्रेस ने अपने इस ट्वीट में आगे मुंबई पुलिस को टैग किया और उनसे मदद मांगते हुए लिखा, 'इस व्यक्ति को ढूढने में मेरी मदद करें जो हमारे लिए खतरा है।' यहां देखे वीडियो माही के इस ट्वीट का मुंबई पुलिस ने जवाब दिया और कहा, 'आप किसी पास वाले पुलिस स्टेशन पर जाएं और अपनी शिकायत दर्ज करें।' कुछ घंटे बाद माही ने मुंबई पुलिस के इस ट्वीट का जवाब देते हुए बताया कि वह वर्ली स्टेशन गई थीं, जहां उन्हें उस शख्स पर एक्शन लेने का आश्वासन दिया गया। माही विज लंबे समय से एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। ऐसे में उनका यह ट्वीट तुरंत वायरल हो गाय। माही के साथ हुए इस हादसे पर कई यूजर्स ने रिप्लाई किया और उन्हें इसे बिल्कुल भी हल्के में न लेने की सलाह दी। माही ने एक कमेंट पर रिएक्ट करते हुए बताया कि उस वक्त कार में उनकी बेटी तारा भी मौजूद थी और इस बात ने उन्हें और ज्यादा परेशान कर दिया था।

# 'सिंघम' एक्ट्रेस काजल अग्रवाल पर मदर्स डे कविता चोरी करने का लगा आरोप, ट्रोल हाने पर ओरिजनल राइटर को दिया क्रेडिट

**नई दिल्ली।** फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन के साथ नजर आई अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने रविवार को मदर्स डे पर एक पोस्ट शेयर किया। जिसमें उन्होंने 'डियर मम' टाइटल की मां को लेकर एक खूबसूरत कविता साझा की। जिसे लेकर अब



सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। कविता को लेकर काजल पर आरोप लगाएं जा रहे हैं कि उन्होंने इसे चोरी किया है। काजल अग्रवाल ने 8 मई को मदर्स डे के मौके पर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस 'डियर मम' कविता को शेयर किया है। काजल के इस पोस्ट को लेकर जैसे ही लोगों को पता चला कि यह कविता किसी और ने लिखी है और एक्ट्रेस ने उसे क्रेडिट तक नहीं दिया है तो उन्होंने एक्ट्रेस की आलोचना करनी शुरू कर दी। कविता 'डियर मम' मूल रूप से किसी और लेखक द्वारा लिखी गई है। यह सारा नाम की एक राइटर का आर्ट वर्क है, जो इंस्टाग्राम पर 'मैट्रेसेंट म्यूज' के नाम से जानी जाती है। उन्होंने इसे अप्रैल में शेयर किया गया था। काजल अग्रवाल द्वारा इस कविता को शेयर करने के बाद, सारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर काजल के पोस्ट को शेयर करते हुए अपने फॉलोवर्स से निवदन किया कि वह काजल को इस बात से अवगत कराएं और एक्ट्रसे से उन्हें क्रेडिट देने के लिए कहें। हालांकि, सारा ने बाद में इस पोस्ट को हटा दिया। सारा ने अपने पोस्ट में लिखा था, माई डियर मम कविता काजल अग्रवाल के काम के रूप में सामने आई। यहां तक कि कुछ शब्दों की अदला-बदली के साथ कैप्शन भी कॉपी किया गया है। अगर किसी के पास उसकी पोस्ट पर कमेंट करने का समय है, तो वह मुझे क्रेडिट देने के लिए उन्हें कहे, यह बहुत ही सराहनीय होगा उम्मीद है कि यह एक गलतफहमी हैष्ठ इसके कुछ घंटो बाद काजल ने अपने पोस्ट पर सारा को क्रेडिट दिया और साथ ही पोस्ट का कैप्शन भी बदल दिया। उन्होंने नए कैप्शन में अपनी मां के बारे में बात करते हुए लिखा, मैं आपसे प्यार करती हूं विनय अग्रवाल, आप मेरे जीवन की सबसे खास व्यक्ति है! नील की सबसे अच्छी नानी होने के लिए धन्यवाद। काजल ने इस पोस्ट का कमेंट बॉक्स भी बंद कर दिया है। क्रेडिट मिलने के बाद सारा ने अपने फॉलोवर्स को धन्यवाद कहा और उनके लिए इंस्टा स्टोरी में एक नोट भी शेयर किया। सारा ने लिखा, सभी के समर्थन के लिए शुक्रिया उस पोस्ट पर क्रेडिट पाने के लिए मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद उम्मीद है, यह सिर्फ एक गलतफहमी है! मैंने वैसे भी इंस्टाग्राम के माध्यम से एक कॉपीराइट उल्लंघन की रिपोर्ट सबमिट की है, जो कमेंट्स को नहीं देखने पर क्रेडिट दिए जाने के लिए कहता है। यह भी उम्मीद है कि सभी के लिए यह एक प्यारा मदर्स डे वीकेंड था 'डियर मम' कविता के अलावा काजल ने मदर्स डे पर अपने बेटे नील की पहली तस्वीर भी शेयर की। जिसमें वह बेटे को गले से लगाते हुए दिखीं। आपको बता दें कि काजल अग्रवाल ने साल 2020 में गौतम किचलू से शादी की थी और इसी साल उन्होंने 19 अप्रैल को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है।

# लता जी के नाम पर होगा अयोध्या में चौराहा

**नई दिल्ली।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में भारत रतन् लता मंगेशकर के नाम पर एक चौराहा होगात् लता मंगेशकर का इस वर्ष 6 फरवरी को निधन हो गया हैत् उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वह एक मुख्य चौराहे को चिन्हित



राज्य सरकार को अगले 15 दिनों में प्रस्ताव भेजें ताकि उसका नाम लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाए अयोध्या में लता मंगेशकर द्वारा प्रभु श्रीराम और हनुमान के गाए भजन और गीत भी बजाए जाएंगेत् अयोध्या म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ने अब जगह की तलाश शुरू कर दी हैत् आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राम जन्मभूमि के पास जाने वाले मुख्य चौराहे को इस कार्य के लिए चुना जा सकता है अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने इस बारे में बताते हुए कहा, 'हम अगले 10 दिनों में एक मुख्य चौराहा तय कर लेंगे और हम राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज देंगे कि उसका नाम भारत रतन् लता मंगेशकर के नाम पर रखा जाएत' सभी इसकी तैयारी में जुट गए है लता मंगेशकर कई फिल्मों में गाने गा चुकी हैंत् उनके गाने काफी पसंद किए गए हैंत् उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर फैल गई थीत् अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई थीत् उनके अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भाग लिया थात् लता मंगेशकर की बड़ी फैन फॉलोइंग थींत् इसके चलते उनके निधन से सभी ओर शोक की लहर थीत् लता मंगेशकर फिल्मों में गाना गाने के अलावा कई सामाजिक विषयों पर भी खुलकर बोलती थीत् इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य की प्रशंसा करती थीत् दोनों कई बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में मिल चुके थे।

# उर्फी जावेद ने ट्रांसपेरेंट ब्रालेट पहन इंटरनेट पर फिर लगाई आग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर न्यू फैशन सेंसेशन बनकर उभरीं 'बिग बॉस ओटीटी' कंटेस्टेंट उर्फी जावेद लगातार अपने अतरंगी अटायर्स के लिए चर्चा में बनीं रहती हैं। उर्फी का फैशन देखकर आपका



दिमाग न घूमे ऐसा हो ही नहीं सकता है। उर्फी कई बार अपने इन्हीं बोल्ड ड्रेसेज की वजह से वॉर्डरोब मैलफंक्शन का भी शिकार हुई हैं, जिसको लेकर वह काफी ट्रोल भी की जाती हैं। इस बीच अब उर्फी की एक लेटेस्ट बोल्ड तस्वीर देख आप भी हैरान हो जाएंगे। यहां देखें वीडियो उर्फी जावेद ने एक बार फिर से अपने पहनावे से हर किसी को हैरान किया है। उर्फी ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक लेटेस्ट तस्वीर शेयर की हैं इस तस्वीर में उर्फी बला की हॉट नजर आ रही हैं। फोटो में आप देख सकते हैं कि उर्फी ने ब्लैक नेटेड ब्रालेट पहने हुए नजर आ रही हैं जो काफी स्टालिश है। उनकी ये ब्रालेट बैक से दो स्ट्रिप्स पर टिकी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने नीचे भी मैचिंग स्कर्ट पहनी हुई है। वहीं इस दौरान उर्फी ने हाई पोनी की है। इस ड्रेस में उनको देखकर कोई भी क्रेजी हो सकता है। उर्फी का ये ड्रेसिंग सेंस हमेशा ही तरह ही सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बना हुआ है। आपको बता दें कि उर्फी जावेद लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने साल 2016 में सोनी टीवी के शो 'बड़े भैया की दुल्हनिया' में अवनि पंत के किरदार से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वहीं इसके बाद साल 2016-17 में उर्फी ने स्टार प्लस के शो चंद्र नंदनी में छाया का किरदार निभाया। वहीं मेरी दुर्गा में आरती के किरदार से भी उर्फी ने दर्शकों का दिल जीता। उर्फी की लिस्ट में 'सात फेरों की हेरा फेरी', 'बेपनाह', 'जीजी मां', 'डायन', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'कसौटी जिंदगी' की शुमार है।

# अनुष्का शर्मा ने मदर्स डे पर शेयर की वामिका की तस्वीर, अपनी नन्ही गुडिया के साथ यूं खेलती आई नजर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की बेटी वामिका छोटी सी उम्र में ही खूब पाप्यूलर हो गई हैं। वामिका को लेकर फैंस के बीच हमेशा अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। रविवार को मदर्स डे के मौके पर अनुष्का ने बेटी वामिका और मां आशिमा शर्मा के साथ अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिनमें वह मां-बेटी के प्यारे भरे रिश्ते को सेलिब्रेट करती हुई नजर आ रही हैं अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वामिका लेटी हुई है और अनुष्का ने बेटी का हाथ पकड़ा हुआ है और झुककर उसे प्यार कर रही है। वहीं पीछे से अनुष्का की मां दोनों को देख रही है। हमेशा की तरह ही इस बार भी अनुष्का ने बेटी के चेहरे को न दिखाने का फैसला किया है और तितली के स्टीकर से वामिका के चेहरे को ढक



दिया।दूसरी तस्वीर में अनुष्का की मां बैठी हुई हैं और एक्ट्रेस का पालतू कुत्ता डूड आशिमा की गोद में सोता हुआ दिख रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अनुष्का ने मां के लिए कैप्शन में एक थैंक्यू नोट लिखा और उन्हें मदर्स डे विश किया। अनुष्का ने लिखा, हैप्पी मदर्स डे मां मेरा ध्यान रखने और विशेष रूप से पिछले साल और कुछ महीनों में मेरे लिए इतना बड़ा सपोर्ट होने के लिए धन्यवाद। आपकी इच्छा शक्ति और ताकत शानदार है और हम सभी आपसे बहुत प्यार करते हैं।अनुष्का द्वारा शेयर की गई यह तस्वीर फैंस के लिए बेहद ही खास है क्योकि एक्ट्रेस ने अपनी बेटी को लोगों की नजरों से दूर रखने का फैसला किया है। हाल ही में वामिका की कई सारी तस्वीरें और वीडियो उस वक्त वायरल हो गए थीं जब अनुष्का बेटी के साथ इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच हुए मैच को देखने पहुंची थीं। यहां अनुष्का और वामिका विराट को चेयर करने आए थे। वामिका की इन तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्याक लुटाया था।

# खरीदी ऑडी8, कीमत सुनकर मुंह रह जाएगा खुला

**नई दिल्ली।** बादशाह ने ऑडी 8 कार खरीदी है इस गाड़ी की कीमत 1.23 करोड़ रुपए है उन्होंने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है तस्वीरें शेयर करने के साथ उन्होंने लिखा है, 'डायनेमिक, स्पोर्टी, वर्सेटाइल यह गाड़ी मेरी तरह है मैं ऑडी 8 के साथ अपनी जर्नी को शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं धन्यवाद ऑडी इसके साथ उन्हें गाड़ी के साथ पोज करते हुए देखा जा सकता है बादशाह काफी खुश नजर आ रहे है बादशाह ने इस अवसर पर जैकेट



और ब्लैक कलर की पेंट पहन रखी है और वह गाड़ी पर हाथ रखकर खड़े नजर आ रहे है बादशाह को कई लोगों ने गाड़ी खरीदने पर बधाई दी है एक फैन ने लिखा है, 'लेमो, बेंज, रॉयल्स और आपकी 8 क्या कलेक्शन है आपके पास वहीं एक अन्य ने लिखा है, 'क्रेडिटेबल सर, वैसे आप कितनी गाडियां लोगे वहीं एक अन्य ने लिखा है, 'मेरे पास भी यही गाड़ी है, यही कलर है, सब कुछ ऐसा ही है आपको पसंद आएगी इसके पहले इंडिया के ऑडी के हेड बलबीर सिंह ढिल्लों ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की थी इसमें वे बादशाह के साथ में नजर आ रहे है और उन्होंने गाड़ी हैंड ओवर करने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद थम्स अप दिखाते हुए पोज किया थात् ऑडी 8 कि मुंबई में ऑन रोड कीमत 1.23 करोड़ रुपए है यह गाड़ी 3.0 लीटर टीएफएसआई पेट्रोल इंजन के साथ आती है इसके चलते ही है 340 बीपीएचआर 500स्स् का टर्क देती है ऑडी 8 ऑडी 7 के मुकाबले अच्छी है इसमें काफी अलग-अलग फीचर्स भी है, जो इस गाड़ी को खास बनाते है इसके अलावा इसमें वेंटिलेशन का भी अच्छा ध्यान रखा गया है इसमें एलईडी हेडमैप टेकनेलॉजी भी है गाड़ी में दो डिस्प्ले भी है।


स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com




नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य





अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह








एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।








आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, बेकिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।